हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री



12 छः माह प्रोजेक्ट में देरी से अंजोरा में जलसंकट


13 विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्णः जितेंद्र



बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 100 गुना ज्यादा, एच 2 एस बैक्टीरिया भी

हर साल 3 हजार लोग पीलिया व पेट संबंधी बीमारी से हो रहे ग्रसित

लगा रहे गुहार अधिकारियों की चौखट पर गए, सुनवाई नहीं होने से बेबस लौटे

### केमिकलयुक्त पानी के मामले में निगम और पर्यावरण विभाग आमने-सामने

# आयुक्त को उद्योगों में ईटीपी मिले बंद पर्यावरण अधिकारी का कहना ईटीपी है चालू

*हरिभूमि न्यूज :**भिलाई**। भिलाई निगम क्षेत्र के केमिकलयुक्त छह वार्डों की स्थिति की जांच के दौरान अधिकारियों के ही आपस में रार की स्थिति निर्मित हो गई। इस जांच में निगम आयुक्त राजीव पांडेय और क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अनिता सांवत अपनी-अपनी टीम के साथ मंगलवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर उद्योगों की जांच करने पहुंचे। भिलाई निगम आयुक्त ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसका खुलासा किया है कि निरीक्षण के दौरान कई उद्योंगों की ईटीपी बंद मिले। साथ ही यह कहा है कि भविष्य में उद्योगों की ईटीपी बंद मिला तो सीलबंद की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई की चेतावनी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिता सावंत ने निरीक्षण के दौरान दी। आयुक्त ने सावंत से एक सप्ताह में लाइट इंड्रस्ट्रीज एरिया का निरीक्षण कर रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने कहा है। इधर पर्यावरण अधिकारी सांवत ने हरिभूमि से कहा कि उन उद्योगों की ईटीपी बंद थी जहां केमिकल से संबधित कार्य ही नहीं हो रहे थे। सभी उद्योगों में ईटीपी चालू मिली। न ही किसी उद्योग को सीलबंद करने की चेतावनी दी गई है।*

### केमिकलयुक्त पानी की हकीकत जानने पहुंची टीम

हरिभूमि ने औद्योगिक क्षेत्र वार्ड क्रमांक 41 से 46 तक केमिकलयुक्त पानी से परेशान रहवासियों की सालों पुरानी समस्या को एक अभियान के रूप में प्रकाशित करती आ रही है। इस खबर का संज्ञान लेते हुए और स्थानीय पार्षदों व निवासियों की शिकायत के बाद मंगलवार को संयुक्त जांच के लिए टीम पहुंची थी।




### खटाल की गंदगी देख हटाने नोटिस

यह भी देखने में आया कि खटाल संचालकों द्वारा गोबर मिश्रित पानी नालियों में बहाया जा रहा था। निगम आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को सभी खटालों को नोटिस देकर गोकुल नगर में स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर ही आई.आई.टी के प्रोफेसर प्रवेश शुक्ला, सत्यजीत द्वारा वहां पानी के पीएच वेल्यू की टेस्टिंग की गई। कुछ जगह पीएच वेल्यू अधिक मिला। इसका लैब टेस्ट कराया जाएगा।

### ईटीपी प्वाइंट बंद मिले

जारी बयान के मुताबिक निरीक्षण के दौरान अधिकांश कंपनीयों द्वारा ई.टी.पी. प्वांइट बनाकर रखा गया था। जो नियमित रूप से संचालित होना नहीं पाया गया। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई अनिता सांवत द्वारा संस्थाओं को सतत रूप से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा भविष्य में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ई.टी.पी. प्वांइट चालू हालत में नहीं पाये जाने पर संस्था को सील करने की कार्यवाही की जाएगी।

### एक इंड्रस्ट्रीज का नाली हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला

निरीक्षण के दौरान तेज कोप इंड्रस्टी के नाली का कुछ हिस्सा छतिग्रस्त पाया गया, जिससे कैमिकल युक्त पानी भू-जल में मिश्रीत होने की संभावना बन रही थी। उसे पर्यावरण अधिकारी द्वारा तत्काल मरम्मत करने को कहा। कुछ उद्योगो द्वारा अन्य उद्योगो से कोल्ड डस्ट आने की शिकायत की गई, जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा साइंटिस्ट शिव पटेल को उन उद्योगो को नोटिस देने हेतु निर्देशित किया गया।

### इन उद्योगों का निरीक्षण

संयुक्त टीम ने कापको इंड्रस्ट्रीज, गौरी शंकर इंटरप्राईजेस, श्री इंटरनेशनल व्यापार प्राईवेट लिमिटेड, सूर्या इंडस्ट्रीज, कोल केम, तेज कोक यू-2, रूकमनी वायर्स, एम.पी.तार प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया । संयुक्त दल द्वारा अलग-अलग इंड्रस्ट्री के पानी का सेंपल लिया गया है। जिसका लैब में टेस्ट करने के बाद समिति द्वारा जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### उद्योगों की ईटीपी नहीं है बंद

उद्योगों का निरीक्षण हमने संयुक्त रूप से किया। जिन उद्योगों में भिलाई निगम द्वारा ईटीपी बंद होने की बात कही गई है वहां केमिकल संबंधी कार्य नहीं हो रहे हैं। इसलिए केमिकल वहां से नहीं निकल रहा है। सभी उद्योगों में ईटीपी चालू है।

**-अनिता सावंत,** क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी,

## विशेष सूचना

**आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय बंद किया जा रहा है, दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं अब भिलाई कार्यालय से संचालित होगी। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**फोन नं. 0788-4091720**
**Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com**


## शोक संदेश



## स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

**कार्यक्रम**

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पत्र होगा।

**शोकाकुल परिवार:**
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार ।

**विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)**
**ललित चन्द्राकर (पुत्र)**
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
**जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)**

निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे








# सामूहिक कन्या विवाह के लिए जोड़े ढूंढ़ने में छूट रहा पसीना

## दुर्ग जिला महिला बाल विकास को मिला 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन की कन्या विवाह योजना के लिए महिला बाल विकास विभाग का अमला जी जान से जुटा हुआ है। विभाग को जोड़े ढूंढ़ने में काफी पसीना बहाना पड़ रहा है। इस बार 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य शासन से मिला है। हर 6 महीने में शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों को लक्ष्य दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह में आर्थिक कठिनाईयों से बचने, फिजूलखर्ची रोकने और सादगीपूर्ण विवाह को प्रेरित करने का प्रमुख उद्देश्य है। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का चिन्हांकन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यवेक्षक के सत्यापन के बाद विभाग को भेजा जाता है। दुर्ग जिले में अप्रैल से सितंबर तक के लिए 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। दुर्ग जिले में 8 परियोजना शाखाएं आती है। सभी शाखाओं को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। गर्मी की वजह से अप्रैल-मई माह में जोड़ा ढूंढ़ना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। विवाह योग्य जोड़ा ढूंढ़ने सभी परियोजना शाखाओं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक जमकर मेहनत कर रहे हैं लेकिन अभी तक लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाए हैं। मई माह में उपयुक्त मुहूर्त देखकर विवाह की तारीख तय की जानी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजनाओं को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए है। जानकारी के मुताबिक एक परियोजना शाखा को 24 जोड़ों का लक्ष्य जिला शाखा द्वारा दिया गया है।

### आती है कई तरह की अड़चनें

शासन की इस महती योजना को पूरा करने महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला एड़ी चोटी का जोर लगाता है। सख्त नियमों और लक्ष्य पूरा करने की नियत से अपात्र जोड़ों का भी चयन हो जाता है। कैंप भिलाई और उरला दुर्ग में पिछली बार गलत हितग्राहियों का चयन किया गया। विभाग ने इन दोनों प्रकरणों में जांच भी करवाई थी लेकिन जांच का नतीजा क्या हुआ यह समझ से परे है।



### लक्ष्य निर्धारित

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए दुर्ग जिले का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति निर्धारित समयावधि में पूरी कर ली जाएगी। पात्र हितग्राहियों का चयन करने पूरी तरह सावधानी बरती जा रही है।

**-आरके जामुलकर,** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग

---

**बैठक : विशेष सामान्य सभा की बैठक में सभापति की सत्तापक्ष को खरी-खरी**

# टीम गठन में देरी से सभापति नाराज कहाः बैठक में मोबाइल नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम के सामान्य सभा में सभापति श्याम शर्मा की संचालन की कुशलता काफी चर्चा में है। चाहे विपक्ष हो या सतापक्ष वे अपनी कुशलता के तराजू में बराबर तौलते दिख रहे है। मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक में उन्होने सत्तापक्ष से स्पष्ट शब्दों में कहा कि, सामान्य सभा कि पूर्व की बैठक में लाए गए विषयों पर क्या हुआ। इस पहली बात होगी। उन्होने जलकर से संबंधित जांच टीम गठित किए जाने के मामले में इशारा किया और आने वाले समय में इस तरह की विषयों को सामाधान सहित सदन पटल में रखने के निर्देश दिए।

पिछले सामान्य सभा की बैठक में पिछले तीन साल के जलकर को एक साथ लेने का विरोध किया गया था। जिस पर पहले जांच टीम गठित कर जांच किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ था। लेकिन अब तक टीम ही गठित नही हुई। वहीं सभापति ने कहा कि, बैठक में देखा गया है कि, ज्यादातर पार्षदगण बैठक के महत्वपूर्ण विषयों से ध्यान हटाकर मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। उन्होने कहा है कि, आने वाले बैठक में मोबाइल पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी। उल्लेखनीय हैं कि, नगरनिगम द्वारा एक देश एक चुनाव के विषय को लेकर नगरनिगम में सामान्य सभा की बैठक आहुत की गई थी। तीन घंटे तक चले इस बैठक में आखिर में बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित कर दिया गया। हांलाकि बैठक में पार्षद आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले और उप नेता प्रतिपक्ष विजयेन्द्र पटेल ने कानून प्रावधान के तहत इस तरह का प्रस्ताव सदन में लाने का विरोध किया।

## दोपहर तीन से पांच बजे तक चली बैठक, बहुमत से प्रस्ताव पारित



दुर्ग। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को सदन में दी गई श्रद्धांजलि।

### विपक्ष ने जताया विरोध, निर्दलीय ने दिया साथ

एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव सदन में लाया गया था। इसे लेकर पार्षद आरएन वर्मा ने कहा कि, यह प्रस्ताव नगरनिगम एक्ट से संबंधित ही नही हैं। ऐसे में उन्होने सवाल उठाया कि, किसके कहने पर यह प्रस्ताव सदन में लाया गया है। उन्होने कहा धारा 60,67,68 में स्पष्ट उल्लेख है कि, ये प्रस्ताव केन्द्र और राज्य का मसला है। ऐसे में इसे नगरनिगम के सदन में लाना समय बर्बाद करने जैसा हैं, इसके लिए जनसमुदाय से समर्थन मांगे। वही नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने कहा वर्तमान में शहर में जल संकट की स्थिति हैं, इससे बडा दूसरा विषय हो ही नही सकता। उन्होने कहा यह केन्द्र का मुद्दा हैं। उन्होने इसी बीच मोदी द्वारा सांसदों को खरीदने की बात कह दी। जिस पर सत्तापक्ष आक्रामक हो गई और संजय कोहिले को माफी मांगने पर दबाव बनाए, इस बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। कांग्रेस पार्षदों को छोड प्रस्ताव को सभी निर्दलीय पार्षदों ने समर्थन दिया।

### देश बड़ा अध्याय लिखेगा-महापौर

महापौर अलका बाघमार ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव एक नए अध्याय की शुरुआत है। लोकतंत्र और उसकी प्रक्रिया पर आम जन का विश्वास बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि चुनाव प्रणाली दुरुस्त हो। सरकार की पहल उसी विश्वास बहाली की दिशा में बढ़ता एक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि, उनके तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा। पिछले छह महीनों में सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे, लेकिन 19 दिसंबर को संसद में प्रस्तुत एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक से निश्चय ही इस नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। यह सही है कि लोकतंत्र एक महान शासन प्रणाली है, लेकिन यह भी सत्य है कि यह एक अत्यधिक महंगी प्रणाली है। यह सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर अनुशासन की मांग करती है। मेयर के भाषण के बाद सत्तापक्ष के ज्ञानेश्वर ताम्रकार, देवनारायण चंद्राकर, साजन जोसेफ और नरेन्द्र बंजारे ने भी एक देश एक चुनाव की खूबियां गिनाई।

---

# छः माह प्रोजेक्ट में देरी से अंजोरा में जलसंकट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यालय से लगे ग्राम अंजोरा ढाबा पिछले चालीस साल से जल संकट से जूझ रहा हैं। इस समस्या से निजात के लिए गांव में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल योजना का कार्य शुरू किया गया हैं। इस प्रोजेक्ट को

- **दो दिन से भूख हडताल पर डटे ग्रामीण**

अक्टूबर 2024 में पूरा किया जाना था। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण प्रोजेक्ट पूरे छः माह पिछड गया है। हालात यह है कि, ग्रामीणों को पानी के भूखे बिलखने पर मजबूर होना पड गया हैं। ग्रामीण तीन दिन से भूख हडताल पर डटे हैं।जानकारी अनुसार जिले में निकुम, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, चंद्रखुरी कोलिहापुरी पीसेगांव, मोतीमपुर, ओदरागहन सुरपा और कौही रानीतरई गांव में शिवनाथ नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक शुध्द पानी लाने की योजना बनाई गई है। इन सात समूह के तहत ढाई सौ से अधिक गांव हैं। प्रोजेक्ट में अंजोरा ढाबा को भी शामिल किया गया है। इस प्रोजेक्ट को पिछले साल अक्टूबर माह में पूरा करना था। लेकिन सिर्फ 72 फीसदी कार्य हुए हैं। यहां पाइप लाइन के कार्य 85 फीसदी तक ही हुए हैं। ऐसे में विभाग का दावा है कि, आने वाले तीन माह में नदी से पानी लाने की योजना पूरी होगी। ऐसे में इस गर्मी में ग्रामीणों को कोई निजात मिलते नही दिख रही हैं।

### विभाग ने कहा पानी बहाया जा रहा

विभाग ने एक बयान जारी किया है। जिसमे बताया गया कि, सहायक अभियंता एवं उपअभियंता द्वारा ग्राम अंजोरा (ढाबा) विकासखंड दुर्ग का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम में वर्तमान में कुल 11 हैंडपंप (03 चालू, 08 बंद), 07 पावरपंप (04 चालू, 03 बंद), 01 सोलरपंप चालू अवस्था में है, जिसके माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति हो रही है। ग्राम में वर्तमान में पेयजल की समस्या नही है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पावरपंप को सुबह से शाम तक लगातार चालू रख कर पेयजल का अपव्यय किया जा रहा है। जिस पर सहायक अभियंता द्वारा सरपंच एवं ग्रामीणों को पेयजल का दुरूपयोग न करने समझाइश दी गई।

### तीन माह में पूरा करेंगे

प्रोजेक्ट के कार्य पिछडे जरूर है। वर्तमान में नदी से पानी लाने का कार्य तेजी से जारी है। आगामी तीन माह के अंदर गांव में नदी से पानी लाने का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।

**-उत्कर्ष शर्मा,** ईई पीएचई दुर्ग

---

## खबर संक्षेप



### सेमरिया में सेन महाराज की जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** दुर्ग जिला उमरे सेन समाज द्वारा धमधा ब्लॉक के अंतर्गत दुर्ग-खैरागढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम सेमरिया, लिटिया, बोरी में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू थे। इस अवसर अध्यक्ष केशशिल्पी बोर्ड सुश्री मोना सेन ने कहा कि सेन समाज की महिलाएं अब विकास और उन्नति की राह में चल पड़ी है। समाज की लडकियां मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ेगी तो समाज ही क्या देश भी बढ़ेगी इसलिए समाज की हर बेटी को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उमरे सेन समाज दिनेश उमरे, नंदकुमार सेन, पवन वर्मा, बीरबल पटेल, कृष्णा पटेल, हेमकरण वर्मा, श्रीमती रुखमणि हेमंत वर्मा, श्रीमती धर्मेश्वरी अनिल साहू, राहुल नेताम, भीखम सेन सहित सभी अतिथियों ने पारिवारिक एवं सामाजिक एकता बनाये रखने पर जोर दिया। समारोह के पूर्व उमरे सेन समाज की महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश उमरे, हिरेन्द्र उमरे, ओंकार उमरे, श्रीमती सुरुचि उमरे, गोपाल उमरे, नरेश श्रीवास, मन्नू मनहरण उमरे, तना उमरे, प्रभु उमरे, तुकाराम उमरे, अजय उमरे, नीलकंठ उमरे, बलराम उमरे, हितेश उमरे, सहित समाज के महिला, पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

### सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 15 को

**दुर्ग** । छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 से 19 मई तक बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है । छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 आयु वर्ग के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा । यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। जिसमें अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे पांचवें एवं छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा ।

### अपर कलेक्टर विरेन्द्र होंगे सुशासन तिहार के नोडल अधिकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण अभियान सुशासन तिहार 2025 के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग विरेन्द्र सिंह को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि पूर्व में यह दायित्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अरविन्द एक्का एडीएम को सौंपा गया था। वर्तमान में उनकी पदस्थापना जिले से अन्यत्र हो जाने के कारण अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह को यह दायित्व सौंपा गया है।

### प्लेसमेंट कैम्प 2 मई को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में 02 मई को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में जीएसएमआर सोलर प्राइवेट लिमिटेड के 30 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सेल्स एक्सक्युटि के 10 पर एवं फील्ड रिप्रेसेंटेटिव के 20 है। उक्त सभी पदों हेतु मासिक वेतन 15000 से 20000 प्लस इन्सेंटिव होगी। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

---

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल के सेटअप से छेड़छाड़, पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा स्कूलों के युक्तियुक्तरण करने निर्देश जारी किए जाने के बाद शिक्षक संगठनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई हैं। स्कूल व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण

- **प्राथमिक स्कूल में सिर्फ एक शिक्षक का प्रावधान**

हेतु जिन मापदंडों को तय किया गया है। इसका संघ द्वारा विरोध किया जा रहा हैं। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं जिला प्रमुख दुर्ग व छ्ग शालेय शिक्षक संघ चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि, जारी आदेश 2 अगस्त 2024 का पुराना है। जिसका मुखर विरोध पालकगण, ग्रामीणजन व शिक्षक संगठनों ने किया था। शालेय शिक्षक संघ ने युक्तियुक्तकरण के इन आदेशों व मापदंडों का तथ्यात्मक रूप से विरोध किया था और बहुत सारे सुझाव भी दिए थे। हालांकि तब यह प्रक्रिया सत्र के मध्य होने से अफरा तफरी मच जाने की आशंका से स्थगित कर दी गई थी, परन्तु यह जिन्न एक बार पुनः बाहर आ गया है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ किया जा रहा है। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना अवश्य करना चाहिए, पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ कर प्राथमिक की 5 कक्षा के लिए प्रधानपाठक और एक शिक्षक से कैसे शिक्षा में गुणवत्ता आ सकती है और पांच अलग अलग कक्षा को जब केवल 2 शिक्षक संभालेंगे तो नौनिहालों व बच्चों की सुरक्षा व निगरानी अहम विषय होगी। यशालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, तिलक सेन, योगेन्द्र वर्मा, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पांडे, वीरेन्द्र पारकर, रविकांत देवांगन आदि ने आदेश पर विचार करने मांग की हैं।

### स्कूल प्रयोगशाला बनकर रह गया

शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि लगता है शासकीय विद्यालय अब केवल टेबल में बैठकर नियम व दिशा निर्देश बनाने वालों के लिए एक प्रयोगशाला मात्र रह गया है। नवाचार के नाम पर नित नई योजनाएं, नित नए अव्यवहारिक दिशा निर्देशो ने शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई और उचित व्यवस्थापन को बाधित कर रखा है। विभागीय सेटअप से इतर युक्तियुक्तकरण करना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करना है।

## विपक्ष ने कमरा एलॉट करने निगम में दिया धरना, कहा रोज करेंगे

**दुर्ग।** नगरनिगम में सभी एमआईसी सदस्यों सहित महापौर को कार्यालय का आबंटन हो गया है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष द्वारा मांग किए जाने के बाद भी सत्तापक्ष द्वारा रूप एलाट नही किए जाने से नाराज संजय कोहिले और उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल ने धरना दे दिया। विशेष सामान्य सभा के पहले धरना शुरू किए जाने से निगम प्रशासन में खलबली मच गई। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने कहा कि, आम जनता की अगर सत्तापक्ष सुनवाई नही करेगी तो वे किसे अपनी पीडा बताएंगे। उन्होने कहा कि, पहले भी कमरा एलाट करने निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया था। लेकिन जवाब नही मिला। उन्होने कहा जब तक कार्यालय एलाट नही होगा, तब तक विपक्षीय पार्षद के साथ वे निगम परिसर में धरने पर बैठेगें।




### मोहलाई स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय हाई स्कूल मोहलाई के स्थानीय परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे। प्राचार्य लखन लाल साहू ने बताया कि, विद्यालय की कक्षा नवमी की स्थानीय परीक्षा का परिणाम 71 प्रतिशत रहा। जानवी साहू ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, चिराग टंडन ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, मानसी निषाद ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय एवं मोनिशा निषाद ने 87.33 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

प्राचार्य लखन लाल साहू ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा हेतु विद्यार्थी अभी से प्रतिदिन समयबद्ध नियमित पढ़ाई हेतु तैयारी कर लें। शाला के व्याख्याता अशोक कुमार साहू, अनिल कुमार मिंज, नीलेश श्रीवास्तव, गीतांजलि तिवारी, मुकेश तिरपुरे, कविता रगड़े, अभिषेक वाघेला, आशीष, रानी ने छात्र छात्राओं को बधाई दी। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सरपंच डॉ. नरेंद्र सिंह निषाद, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोमनाथ देवांगन एवं सभी पालकों ने छात्र छात्राओं को बधाई दी है। मोहलाई शाला परिवार एवं ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है।

### ऐश्वर्याश्री को पीएचडी



**दुर्ग।** पंडित रविशंकर शुक्ल युनिवर्सिटी रायपुर द्वारा ऐश्वर्याश्री ताम्रकार को रसायन शास्त्र में पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। ऐश्वर्याश्री को उपाधि मिलने पर शिक्षा विभाग प्रमुख सुखेंद्र देवांगन, जनक लाल दिल्लीवार, रामलोचन ताम्रकार, होरीलाल ताम्रकार, लक्ष्मीनाथ ताम्रकार, सतीश ताम्रकार, नरेश ताम्रकार, आशुतोष ताम्रकार ने बधाई दी है। यह जानकारी ऐश्वर्या के पिता उत्तम ताम्रकार ने दी है।




दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
मो.: 8109922001
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/- मात्र
भक्तगण उच्चाटन, आर्कषण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है
माँ कामाख्या बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया हाता है।
विगत चालीस वर्षो से स्थाई तौर पर उपस्थित ज्योतिष शास्त्र संबंधित कम्प्युटर द्वारा जन्मकुण्डली, देखते एवं बनाते है। ग्रहो की महादशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधित, कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा, पिशाच दोष, ग्रहण दोष, अकाल मृत्यु, दुर्घटना, गृह निवास में अनेक प्रकार के बाधायें हेतु समाधान किया जाता है।
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक
पता - श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग




दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
श्रीमती वैदेही शर्मा
अभिषेक शर्मा
माँ कामाध्या देवी उपासक
मो.: 93439 07851, 9039885600
फीस 251/- मात्र
ज्योतिष शास्त्र द्वारा जन्म कुण्डली के आधार पर समस्त जन्मकुण्डली दोष का समाधान हेतु संपर्क करें :-
पता - माँ कामाख्या ज्योतिष कार्यालय
धमधा रोड, मिलन मैरिज पैलेस के बाजू में दुर्ग (छ.ग.)
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मकान का ताला तोड़कर 82 हजार पार

**भिलाई।** घुमने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी रकम समेत जेवरात पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि वार्ड 2 इंदिरा नगर पाटन निवासी तरुण चौहान जनपद पंचायत में कम्पयूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है। परिवार समेत जटमई घटारानी गरियाबंद घुमने गए हुए थे। घुम कर देर रात 8 बजे अपने मकान में पहुंचने पर गेट का ताला खोलकर भीतर प्रवेश कर पर ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के तीनों कमरे के आलमारी से अज्ञात से नगदी 82 हजार रुपए और सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। जिसकी कीमत कुल 84 हजार रुपए आंकी गई है।

### व्यापारी पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते व्यापारी पर चाकू से हमला करने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 109, 3(5) के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बाबादीप कालोनी केम्प 2 निवासी चरणजीत सिंह उर्फ नानू फेब्रिकेशन का काम करता है। 28 अप्रैल की रात अपने घर के पास पुल के ऊपर था। इस दौरान समीर ने पीड़ित से गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर अपने महादेव, करण तेलगू को बुलाकर तीनों ने पीड़ित को जान से मारने की नियत से चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

### शराबी वाहन चालकों से 10 लाख समंस शुल्क वसूला



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क हादसों को रोकने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के खिलाफ कार्रवाई शुरु की है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत प्रमुख मार्गो पर अलग-अलग चेकिंग पॉइंट बनाकर वाहन चेकिंग की जा रही है। वाहन चालकों को ब्रिथ एनालाइजर मशीन से चेक कर चालको पर कार्रवाई की गई। दुर्ग में 27 दिनों में 103 वाहन चालकों के वाहन जप्त किया गया। न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालकों पर 10 हजार अर्थदंड से दंडित कर कुल 10 लाख 30 हजार रुपये समंस शुल्क वसूल किया। इसके अलावा वाहन चालकों के लाइसेंस सस्पेंड करने आरटीओ को भेजा गया है।

## निधन

### शिखा आइच

**भिलाई।** वैशाली नगर निवासी शिखा आइच उम्र 78 वर्ष का



आकस्मिक निधन 28 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 29 अप्रैल को फ्लैट नंबर 318 गुलमोहर अपार्टमेंट ए ब्लॉक तालपुरी भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली। वे सुब्रतो आइच एवं देवब्रतो आइच (मोना) की मां थीं।

### मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम, गंभीर अवस्था में बाहर निकाला

# चौहान एस्टेट के लिफ्ट में मेंटेनेंस की लापरवाही, युवक केज में गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चौहान स्टेट के लिफ्ट में मेंटनेंस की लापरवाही के चलते एक युवक की केज में अचानक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला स्थित चौहान स्टेट में लगी लिफ्ट के मेंटनेंस में लापरवाही बरतने पर मंगलवार की सुबह सुभाष चौक डुंडेरा उतई निवासी राजा बंदे 36 वर्ष नामक युवक लिफ्ट के केज में अचानक गिर पड़ा। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लिफ्ट के केज में गिरे राजा को उतारकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना चौहान स्टेट की तीसरी मंजिल की है। उक्त कॉम्पलेक्स में कई सैकड़ों की संख्या में व्यवसायिक प्रतिष्ठान अर्से से संचालित है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि युवक राजा किस काम के लिए चौहान स्टेट सुबह-सुबह पहुंचा और क्या कर रहा था। पुलिस इसे लेकर जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचूरी में रखवा दिया है। जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह के मुताबिक प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक लिफ्ट का उपयोग कर तीसरे मंजिल से नीचे आना चाह रहा था। इसलिए लिफ्ट का दरवाजा खुला देखकर उसमें अपना कदम रखा। जबकि लिफ्ट उस तल पर नहीं होकर भू-तल पर थी। इस कारण युवक तीसरी मंजिल से सीधे युवक भू-तल पर आ गिरा। हादसे में राजा को गंभीर चोट आई थी।



### व्यवसायी भी हो सकते हैं हादसों का शिकार

चौहान स्टेट में स्थित लिफ्ट का समय-समय पर मेंटनेंस नहीं होने के कारण यह हादसा होना संदेह जताया जा रहा है। लेकिन उक्त कॉम्प्लेक्स में सैकड़ों की संख्या में कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित है। यहां सामान खरीदने के लिए लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी है। कई लोग लिफ्ट से ऊपर नीचे होते है। समय पर इस लिफ्ट का मेंटनेंस नहीं होने के कारण यहां के व्यवसायिक और आम व्यक्ति भी हादसे का शिकार हो सकते है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा। इस तरह लापरवाही पूर्व लोगों की जान से खिलवाड किया जा रहा है।

### एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन

चौहान स्टेट के तीसरे मंजिल से लिफ्ट के केज में गिरने की जानकारी लगने पर एसडीआरएफ की टीम ने अग्नि शमन से ईश्वर खरे, दिलीप, सूरज, राजू, महेश, भूपेंद्र, ओमकार, विनय, हेमराज, थानेश्वर, कुंजेश, शरद, डीवहार, धर्मेंद्र, नागेश, अवतार, मनोज पहुंचे। एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक को केज से मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। लेकिन युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया। जहां ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया।

**केस 1**

सुपेला के चौहान स्टेट में चार माह पहले जनवरी में भी इसी तरह का हादसा हुआ था। जहां चौथी मंजिल से गिरकर नारियल पानी बेचने वाले युवक की मौत हो गई थी। मृतक का नाम विनय गुप्ता था। विनय रात के समय चौहान स्टेट की चौथी मंजिल पर गया हुआ था। इसके बाद उसकी लाश लिफ्ट एरिया के नीचे मिली थी। जिस लिफ्ट एरिया में विनय की लाश मिली थी, उसके चौथी मंजिल पर गेट खराब थी।

**केस 2**

12 जून 2022 को चौहान टाउन ब्लाक जी 6 की लिफ्ट बिना ऑपरपेट किए चलने लगी थी। इसमें महिला सावित्री देवी वर्मा हादसे का शिकार हो गई थी। महिला के दोनों पैर लिफ्ट में फंस गए थे। स्मृति नगर पुलिस ने पुलिस ने लिफ्ट मेंटेनेंसकर्ता लिंगराज पाणीग्रही के खिलाफ धारा 287, 338 के तहत जुर्म दर्ज किया था। पुलिस ने घटना के 51 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया था।

**जांच की जा रही है**

"मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। इसके पूर्व भी यहां हादसा हुआ था। इसमें धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।मंगलवार को हुई घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है। इसमें जो भी तथ्य सामने आएगा उसी आधार पर कार्रवाई किया जाएगी।

-**सत्य प्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई नगर

# विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्णः जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में आयोजित स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा जिला दुर्ग, डॉ. नंदा गुरवारा महाविद्यालय प्राचार्य, विशेष अतिथि योगेश निक्की भाले नगर पंचायत व पाटन कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष, निशा सोनी उपाध्यक्ष नगर पंचायत, दिलीप साहू उपाध्यक्ष भाजपा जिला दुर्ग, रानी बंछोर अध्यक्ष पाटन मण्डल भाजपा, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत पाटन एवं नारायण पटेल जनभागीदारी के समस्त सदस्य थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा पुष्प पौधा भेंटकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पहले कश्मीर के पहलगाम में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किये। कार्यक्रम के उद्देश्य क़ो बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कौशल विकास का लक्ष्य रखा गया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति और छात्र-छात्राओं के कौशल का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी में किया जा रहा है और छात्र-छात्राओं का ये प्रदर्शनी कार्यक्रम आतंकी हमले मे मारे गए नागरिकों क़ो समर्पित है। विशेष अतिथि नगर पंचायत



पाटन व कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने प्राचार्य और महाविद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के नेतृत्व में पहली बार पाटन कालेज मे ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा ने आतंकी हमले मे मारे गए नागरिकों क़ो श्रद्धासुमन अर्पित कर आतंकवाद की निंदा की।

भारत क़ो विकसित बनाने के सराकर के लक्ष्य क़ो पाने मे युवा विशेष रूप से छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका होंगी इसके लिए आवश्यक है कि आज के युवा अपने कौशल का विकास कर आत्मनिर्भर बने, स्वरोजगार प्राप्त करें क्योंकि आत्मनिर्भर युवा भारत क़ो विकसित बनाने कि महत्वपूर्ण कड़ी है। सह प्रदर्शनी में महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा विभिन्न सामग्रियों, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, नीबू पानी, शरबत, भेल, पेंटिंग आदि के स्टाल छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए।

### सोनिया का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में

**भिलाई।** इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा की



ताइक्वांडो खिलाडी सोनिया सोनी का चयन नेशनल स्कूल गेम में हुआ। इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सचिव व कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय स्कूल में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा विद्यालय 2 में 24 से 26 अप्रैल को आयोजित था। जिसमे केंद्रीय विद्यालय बीएमवाई चरोदा भिलाई की छात्रा सोनिया सोनी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता स्कूल गेम मे अपनी जगह सोनिया ने बना ली। इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सहायक कोच तरुण जाम्बुलकर, जतिन नायक, सुजल दास, श्रेया दास, प्रियंका महिपाल ने सोनिया को बधाई दी। ताइक्वांडो खिलाडी सोनिया सोनी के पिता विजय सोनी, माता सुधा सोनी

### धारदार चाकू लहराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार चाकू लेकर धमकाने वाले युवक को



पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रजिस्ट्री कार्यालय दुर्ग के पास युवक द्वारा धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले को धमका रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उत्कल कालोनी, गंजपारा दुर्ग निवासी दीपेश उर्फ आयुष दीप को पकड़ा गया। आरोपी के पास से चाकू जब्त किया।

## चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज का हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र अंडा का वार्षिक अधिवेशन ग्राम खप्परवाड़ा में संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत विधायक कुंवर सिंह निषाद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकार, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकार, अंडा उपक्षेत्र के अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पद्माकर चंद्राकर समाज के प्रेरणास्त्रोत पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्विनी चंद्राकर एवं महिला समाज के केंद्रीय अध्यक्ष योगिता चंद्राकर, ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा के सरपंच सुधा दिनेश चंद्राकार एवं ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकार



उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि समाज के सभी व्यक्तियों को समाज में रहकर एकजुटता होकर काम करना चाहिए तभी समाज आगे बढ़ता है। अब हर समाज में नारी शक्ति लोगों की संख्या बहुत ज्यादा रहते हैं। चाहे शिक्षा विभाग, राजनीतिक ये सब में महिला आगे ही रहते हैं।

### सराहनीय पहलः राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी

**सेलूद।** भिलाई -3 निवासी युवा कांग्रेसी नेता मनीष बंछोर ने अपने पिता तुलाराम बंछोर की स्मृति में पाटन चौक सेलूद में राहगीरों व स्थानीय व्यवसायियों के प्यास बुझाने 27 मई 2019 को वाटर कूलर दान में दिया था। कुछ दिनों से वह वाटर कुलर खराब हो गया था । जिसे ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच ने सरपंच बनते ही संज्ञान में लिया और डॉं मानसिंग यादव के सहयोग से यह वाटर कुलर को अब नये के जैसे सुधार करा दिया गया है। जिससे राहगीरों को ठंडा पेयजल आसानी से मिल सके। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, युवा कांग्रेसी मनीष बंछोर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, डॉ. मानसिंग यादव, उमाकांत, राकेश साहू, मनीष आदि उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य कार्य सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह देशमुख द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न सामान्य जानकारी देते हुए कहा गया कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का खुद पालन करना एवं अपने परिवारजनों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराए। शाला परिसर में सड़क सुरक्षा नियमों को विभिन्न बिंदुओं में लिखकर चस्पा किया गया है। सभी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा को दिया गया। शाला के पीटीआई सुनील डडसेना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के व्याख्याता शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू, डॉ. सरोज साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, टीएन साहू, हिरेंद्र साहू एवं सुनीता साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

### सेजस बेलहारी में परीक्षा परिणाम घोषित



**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बेल्हारी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 स्थानीय वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। अतिथि अमित अग्रवाल सरपंच ग्राम पंचायत बेल्हारी, कमलेश साहू अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर मंडल, रफीक खान अध्यक्ष पालक समिति बेल्हारी के द्वारा कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं अंक सूची प्रदान किया गया। कक्षा ग्यारहवीं हिंदी माध्यम में लुपिका 84.4 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान, दीपिका धनकर 82.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं गुलशन कुमार 77.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी हिंदी माध्यम शुभांगी 90.16 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान, खुशी 86.6 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तान्या 74.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं नवमी अंग्रेजी माध्यम सोनम प्रजापति 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, गोष्टी चंद्राकर 92.17 अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं परमेश्वर 90.33 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया एवं विद्यार्थियों को अंक सूची तथा मेडल प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अग्रवाल जी ने सफलता की केवल एक ही कुंजी परिश्रम पर विद्यार्थियों को जोर देने की बात कही केवल इमानदारी से परिश्रम करके ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार आशीर्वचन एवं आगामी सत्र के लिए सभी अतिथियों एवं प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक एवं सहायक शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित थे।

### अमलेश्वर में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**पाटन।** अम्लेश्वर भक्त माता कर्मा वार्ड 8 में रोड एवं नाली का निर्माण कार्य जारी है। वार्ड में शीतला चौक व बजरंग चौक में कार्य प्रगति पर है जिनका निरीक्षण किया गया। साथ ही कार्यरत ठेकेदारों एवं पालिका अधिकारी को भी पार्षद के द्वारा निर्देश दिया गया हैं कि सामने बारिश का मौसम को ध्यान में रखते हुए आम जनता को आवागमन में परेशानी न हो, कार्यों में किसी भी तरह की कमी या लापरवाही नही होनी चाहिये जो भी विकास कार्य चल रहा हैं वो मजबूती व सुनिश्चित समय से हो। भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 8 में इन दिनों विकास कार्य तेजी से जारी हैं। वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल सुविधा और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कार्य समय-सीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान दिया। स्थानीय लोगों से भी फीडबैक लिया गया, ताकि उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निर्माण कार्यों में सुधार किया जा सके। अधिकारियों ने ठेकेदारों और मजदूरों को निर्देश दिए कि कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो तथा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गुड्डा-गुड्डी की शादी व खेज जंवारा आज

**उतई।** उतई नगर के बंजारी पारा, गांधी चौक में गुड्डा गुड़िया की शादी एवं अक्ती जंवारा का कार्यक्रम साथ ही खेल जंवारा का विशेष प्रदर्शन पिछले कई वर्षों से मनाते आ रहे हैं। अक्ती जंवारा नगर भ्रमण पश्चात शीतला मंदिर में विसर्जित होती है। लोगों को अक्ती जंवारा का इंतजार रहता है और मनोरंजन का बहुत बड़ा आयोजन होता है। उसके बाद मिट्टी के गुड्डा गुड्डी का विवाह का रस्म अदा किया जाता है जो पूरी तरह कौतूहल भरा रहता है। तैयारी में वार्ड 10 पार्षद खूबी राम साहू, तोषण साहू, जनक साहू, भूषण यादव, जोधी साहू, सुखनंदन, शिव ठाकुर साहू, गोविंद बंजारे सहित अन्य युवा लगे हुए हैं।

### कोसल हायर सेकंडरी स्कूल कपसदा के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

# विद्यालय का उद्देश्य है शैक्षणिक विकास व व्यक्तित्व निर्माण में प्रयास करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

ग्राम कपसदा के कोसल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में 33 वां वार्षिक उत्सव भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन विद्यालय के गौरवशाली मंच 'कोसल सांस्कृतिक व क्रीड़ा परिसर' में आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और सांस्कृतिक समर्पण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष की थीम 'कोसल की आत्मा, छात्रों की अभिव्यक्ति' रही, जिसे विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं कला के माध्यम से सजीव किया। पारंपरिक, समसामयिक और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने मंच पर विविध रंग बिखेरे। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों और अतिथियों ने उत्साहित होकर तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय में 'फ्री ड्यूज बॉल क्रिकेट कोचिंग एवं आधुनिक स्पोर्ट्स एरीना' का उद्घाटन भी



किया गया, जो आने वाले समय में ग्रामीण अंचल के खेलप्रेमी विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस पहल की विशेष सराहना अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक विकास है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करना भी है। उन्होंने आगामी सत्र से निःशुल्क ड्यूज बॉल क्रिकेट कोचिंग की शुरुआत की घोषणा कर छात्रों को एक नया मंच प्रदान किया। यह वार्षिकोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक मंच था, बल्कि यह कोसल अंचल की आत्मा, गौरव और नई पीढ़ी के स्वप्नों का जीवंत प्रतिबिंब बनकर उभरा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्य अतिथि कुम्हारी पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा उपस्थित रही। वहीं विशिष्ट अतिथियों में शुभम शर्मा भाजयुमो कोषाध्यक्ष, हेमा भोजेश्वर साहू जनपद सदस्य, अकोला, कुमन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, मुरमुंदा, नागेंद्र साहू जनपद सदस्य, बोरसी, प्रवेश वर्मा भाजपा मंडल मंत्री, मुरमुंदा, विक्रम शाह ठाकुर प्रेस क्लब अध्यक्ष, कुम्हारी एवं रामाधार शर्मा अध्यक्ष, सेजेस संस्था उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त आसपास के ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और पत्रकारगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

बिजनेस साइट

### मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल, पाटन के विद्यार्थियों का जेईई मेन 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल, पाटन के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और शैक्षणिक




उत्कृष्टता का परिचय दिया, जिसमें सनत कुमार पांडा ने 95.92 परसेंटाइल और प्रियांशु देवांगन ने 84.96 परसेंटाइल प्राप्त किया। मैत्री शैक्षणिक संस्थान की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, निदेशक डॉ. सजीथा थंबी, एस सजीव एवं एस साजन, मैत्री विद्या निकेतन पाटन की प्राचार्या अम्बिली सुगाथा एवं समस्त शिक्षकों ने दोनों छात्रों को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।





## खबर संक्षेप

### महिला का गुमा पर्स ट्रैफिक पुलिस ने लौटाया

**भिलाई।** लावारिस हालत में पड़ी महिला का पर्स, मोबाइल को ट्रैफिक पुलिस की महिला आरक्षक ने सुरक्षित सामान को सौंप दिया। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि नेशनल हाईवे और प्रमुख मार्गों में खड़ी वाहनों को हटाने, नो पार्किंग के वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इस दौरान पेट्रोलिंग के समय गुरुद्वारा तिराहा पर महिला का पर्स सड़क पर लावारिश हालत में महिला आरक्षक को पड़ा मिला। उसे ट्रैफिक मुख्यालय नेहरु नगर में जमा किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने वायरलेस सेट से पर्स के बारे में सभी बीट पॉइंट, पेट्रोलिंग थाना को सूचित किया गया। तब पता चला कि उक्त पर्स रजनी साहू का है। मोबाइल नंबर से संपर्क कर महिला को ट्रैफिक मुख्यालय बुलाया गया। उसके बाद उसका गुमा पर्स महिला को सौंपा गया। महिला ने ट्रैफिक पुलिस का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



### चोरी करने वाला बालक पकड़ाया

**भिलाई।** अपने गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी मामले में पुलिस ने अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि मछली मार्केट पुरैना भिलाई तीन निवासी ई. अपन्ना मकान में ताला ज़ड़कर अपने गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गया था। पड़ोसी ने फोन कर उसे बताया कि मकान का ताला टूटा मिला है। पीड़ित को पहुंचने पर पता चला कि मकान में चोरी हुई है। शिकायत के बाद पुलिस ने पातसाजी करने पर पता चला कि ई. अपन्ना के मकान में सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर संदिग्ध बालक के बारे में जानकारी मिली। संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ करने पर 17 अप्रैल की रात को मकान का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया।

### शराब के लिए पैसे मांगे नहीं दिए तो की मारपीट

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर नहीं देने पर चाकू दिखाकर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 119(1), 296, 351(2), 115(2), 3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि , शिवाजी नगर, अटल आवास, खुर्सीपार निवासी मज्जी कुमार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मज्जी से पूछताछ पर पुलिस को बताया कि अपने दोस्त नागेश नागरची और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने युवक से स्कूटी सीजी-07 सीयू-9463 को जप्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



### दिनभर रही धूप व बदली, शाम बारिश, 5 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

# 40 किमी की रफ्तार से चली हवा पेड़ गिरे, बारिश के साथ ओले भी पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मंगलवार को ट्विनसिटी में मौसम ने करवट ली। सुबह से दोपहर तक धूंप-छांव का खेल चलता रहा। शाम होते ही अचानक बारिश भी होने लगी। अंधड़ इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ धराशायी हो गए। उतई क्षेत्र में ओले भी गिरे हैं। बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया । उसके बाद भी ट्विनसिटी का पारा 39.4 डिग्री सेल्सियस सबसे ज्यादा रहा। इस मौसम से उमसभरी गर्मी भी वातावरण में बन गई है। जिसकी वजह से लोगों को बैचेनी बढ़ गई है। खास बात यह है कि तेज हवाओं के साथ बारिश के हालात एक सप्ताह तक बनी रहने के संकेत मौसम विभाग ने दिए हैं। 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चलेगी।

#### प्रदेश में मंगलवार को दुर्ग का तापमान सबसे ज्यादा



सेक्टर 6 जामा मस्जिद के पास

#### अचानक बारिश से लोगों की आवाजाही रूकी

मंगलवार शाम 6.30 बजे अचानक बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक रूक-रूक कर हल्की बारिश होती है। पहले कुछ देर तक तेज बारिश आई। जिसकी वजह से लोगों का आवागमन रूक गया। सुपेला अंडरब्रिज और ओवरब्रिज के नीचे दुपहिया वाहनों की भीड़ जमा हो गई। बारिश थमने के बाद लोग अपने गतंव्य के लिए रवाना हुए। शाम को बुधवार अक्ती पर्व की वजह से भिलाई मार्केट में अच्छी-खासी भीड़ थी। मौसम बदलने व बारिश से लोग परेशान हुए।

#### पांच मई तक धूप, बारिश और चलेगी तेज हवाएं

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक धूप और तेज हवाओं के साथ बारिश की स्थिति पांच मई तक रहेगी। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी में आ रही नमी और दूसरा द्रोणिका को बताया जा रहा है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर तमिलनाडु 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। 30 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि भी हो सकती है।

#### 5.6 डिग्री सेल्सियस गिरा न्यूनतम तापमान

मौसम में आए बदलाव की वजह से तापमान में भी काफी गिरावट आई है। ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे जा गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान भी नीचे आया है। अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

#### पांच मई तक बदलता रहेगा मौसम

“ बंगाल की खाड़ी में नमी और द्रोणिका की वजह से प्रदेश में मौसम बदल गया है। 5 मई तक मौसम में इसी तरह के उतार-चढ़ाव देखने मिलेंगे। हवाओं की रफ्तार भिलाई-दुर्ग में करीब 40 किलोमीटर और सरगुजा एरिया में यह 60 किलोमीटर हो सकती है।

**डॉ. एचपी चंद्रा,** मौसम विज्ञानी, लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र छग

#### कलेक्टर से शिकायत

## हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण की निविदा में दोबारा गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में 1 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण की निविदा में दोबारा गड़बड़ी सामने आई है। इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद ललित मोहन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत की है। उन्होंने मामले में टीम गठित कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि निगम के अधिकारी ठेका एजेंसी से सांठगांठ कर किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह गड़बड़ी का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रियदर्शनी परिसर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना है। डीएमएफ से इसके लिए राशि प्रदान की जानी है। इसमें 1 करोड़ की लागत से हॉर्स राइडिंग ट्रैक बनाया जाना है। पहले भी निविदा की प्रक्रिया बिना महापौर और उनकी परिषद को जानकारी दिए की गई थी। महापौर परिषद की आपत्ति के बाद रि-टेंडर किया निकाला गया। इस बार 5 कंपनियों ने टेंडर में भाग लिया है। इसमें दो कंपनी भिलाई और तीन कुरुद धमतरी की कंपनी है, जिन तीन कंपनियों की निविदा स्वीकृत की गई है, उनके अपने अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता संदेह के घेरे में है। ललित मोहन ने कहा कि उनकी जांच होनी चाहिए। तीनों के अनुभव प्रमाणपत्रों की जांच होनी चाहिए।

- पहले बिना महापौर और महापौर परिषद को जानकारी दिए की थी निविदा प्रक्रिया

### केनाल रोड 40-40 का नहीं 30-30 फीट का बनेगा: रिकेश

**भिलाई।** भिलाई में केनाल रोड का काम शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर कुछ आपत्तियां वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के समक्ष लोगों ने की। इसके बाद रिकेश सेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस रोड को सेंटर से 40-40 फीट न करके 30-30 किया जाएगा। सेन ने कहा कि जनता की भावना के अनुरूप ही क्षेत्र में विकास होंगे। हमारे क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं होगा जिसमें जनता की भलाई नहीं हो। कैनाल रोड का निर्माण क्षेत्र के लिए एक बड़े विकास कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए। इस निर्माण कार्य में जिस किसी के भी घर को तोड़ा जाएगा, उसे मात्र 75000 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। उन्होंने प्रभावित लोगों से अपील की है कि इस विकास कार्य को पूरा करने में शासन-प्रशासन का सहयोग करें क्योंकि यह कार्य भिलाईयंस की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है।




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


# मरोदा डेम में छग का पहला तैरता सोलर प्लांट दो महीने के बाद बीएसपी को मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ के भिलाई में मरोदा डेम एक में पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट का काम आखिरी स्टेज में चल रहा है। 70 एकड़ में बन रहा प्लांट जून अंत तक 15 मेगावाट बिजली का उत्पादन हर रोज करने लगेगा। बीएसपी में हर रोज 32 से 40 मेगावाट बिजली की खपत होती है।

- फ्लोटिंग सोलर प्लांट का पहले चरण का काम आखिरी स्टेज में चल रहा है

जून महीन के अंतिम सप्ताह में 15 मेगावाट बिजली फ्लोटिंग सोलर प्लांट से बीएसपी को मिलने लगेगी। उधर बीएसपी प्रबंधन का कहना है कि मरोदा के दोनों डेम में भविष्य में सोलर प्लांट इंस्टॉल किए जाएंगे। आने वाले समय में बीएसपी को दोनों डेम के फ्लोटिंग सोलर प्लांट से 150 मेगावाट बिजली मिलेगी।

बीएसपी प्रबंधन ने पानी में तैरते सोलर प्लांट का ठेका माधव इंफ्रा को दिया गया है। सोलर प्लांट की निगरानी कर रहे मैनेजर अंकुश राना का कहना है कि पिछले नौ महीने से मरोदा डेम में काम चल रहा है। अब अंतिम चरण का काम जून महीने तक पूरा हो जाएगा। उसके बाद बीएसपी को हर रोज इस सोलर प्लांट से 15 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। वहीं दूसरी ओर फ्लोटिंग सोलर प्लांट से शुरूआत में बीएसपी के दफ्तर रोशन होंगे। इन दिनों इस प्लांट को तैयार करने में पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के कर्मचारी काम कर रहे हैं।



#### बिजली बनाने के साथ-साथ पानी भी मिलेगा

अफसरों की माने तो फ्लोटिंग सोलर प्लांट 70 एकड़ में लगाया जा रहा है। यह प्रदेश का पहला ऐसा प्लांट है, जो बिजली बनाने के साथ-साथ पानी भी मिलेगा। हालांकि पूर्व में मरोदा डेम का पानी बीएसपी को दिया जाता रहा है। लेकिन अब बिजली उत्पादन के साथ-साथ पानी भी बीएसपी को मिलेगा। बीएसपी के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में वह मरोदा डेम में सोलर प्लांट बड़ी मात्रा में लगाएंगे। जिससे यहां पर बिजली का उत्पादन करीब 150 मेगावाट तक हो



### ट्रेलर की चपेट में आने से कार चालक की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर वाहन से कार चालक पीछे से टकराने से हादसे में मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 283, 106 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि जोन 3 खुर्सीपार निवासी सरताज अली अपनी कार सीजी 07 बीबी 1265 से मुर्गा चौक से खुर्सीपार गेट की ओर जा रहा था। इस दौरान बीएसपी सेल यार्ड के पास ट्रक ट्रेलर सीजी 07 बीटी 9442 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए कार ट्रेलर के पीछे भिड गई। हादसे में सरताज अली गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रेलर चालक अपने वाहन का इंडिकेटर नही जलाया था। इस कारण कार चालक हादसे का शिकार हो गया। घटना 28 अप्रैल की रात 1.15 बजे की है।






## जुए पर लगाम नहीं, टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लंबे समय से चल रहे जुआ के अवैध कारोबार पर लगाम नहीं लगाने पर एसपी विजय अग्रवाल ने भिलाई तीन थाना प्रभारी महेश ध्रुव को लाइन अटैच कर दिया है। आदेश में एसपी विजय अग्रवाल ने भिलाई तीन स्थित हनुमान मंदिर के पास दादर रोड स्ट्रीट लाईट के नीचे 27 अप्रैल को जुआ खेलते सीएसपी छावनी के साथ अन्य क्षेत्रों के थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों द्वारा दबिश दी गई। जहां से 9 जुआरियों को लाखों रुपए, मोबाइल, वाहन के साथ पकड़ा गया। इसे लेकर एसपी ने जुआ सट्टा के रोकथाम में नियंत्रण में लापरवाही बरतने पर प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भिलाई-चरोदा क्षेत्र में जुआ सट्टे का बड़ा कारोबार लंबे अर्से से चलता रहा है। पुलिस अंकुश नहीं लगा पाई थी। नवागत एसपी विजय अग्रवाल ने आते ही थानेदारों को बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार चलेगा तो थाना प्रभारी पर गाज गिरेगी। इसी के मद्देनजर भिलाई तीन थाना प्रभारी पर कार्रवाई की गई है। शहर के कुछ और थाना प्रभारी पर इसी तरह का गाज गिरने की चर्चा शहर भर में चल रही है।



### न्यू सचदेवा कॉलेज दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट, जिसे सील किया, वह थी किराए की

**भिलाई।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पर बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने न्यू सिविक सेन्टर स्थित सील बिल्डिंग को खोलकर सामानों की सुपुर्दगी न्यू सचदेवा कॉलेज को की। सचदेवा कॉलेज के संचालक चिरंजीवी जैन ने बताया कि पहले कॉलेज का संचालन इसी बिल्डिंग पर किया जा रहा था। बिल्डिंग दिनेश सिंघल को आवंटित थी। बीएसपी और उनके बीच कोई डिस्पुट था, इस वजह से बीएसपी ने बिल्डिंग पर कार्रवाई की। इस दौरान कॉलेज के दस्तावेज भी अंदर रह गए थे, जिसे लेकर हमने हाई कोर्ट में अपील की। इसके बाद हमें दस्तावेज बाहर निकालने की अनुमति प्रदान की गई। इस प्रकार न्यू सचदेवी पीटी कॉलेज को सील नहीं किया गया है, किराए में चल रही बिल्डिंग सील की गई है। सचदेवा कॉलेज दूसरी जगह पर संचालित हो रही है। बता दें कि उक्त जगह को बीएसपी के संपदा न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन विभाग ने 2 अप्रैल को सील किया था। बाद में न्यू सचदेवा पीटी कालेज ने बतौर किरायादार पिटीशनर चिरंजीव जैन ने मामले को लेकर हाई कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

## ट्रांसपोर्टर्स की समस्या, 165 के बजाए 85 वाहनों में ही हो पा रही लोडिंग, शिकायत

**भिलाई।** भिलाई ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों से मिला। इसमें ट्रांसपोर्टिंग के दौरान सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वीटीएस की खराबी के कारण 165 गाड़ियों के प्रोग्राम में से केवल 80-85 गाड़ियां ही समय पर लोडिंग में जा पा रही हैं, जिससे परिवहन कर्ताओं और प्लांट दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। सीआईएसएफ की वजह से गेट टाइम पर नहीं खुल पा रहे हैं। इसके कारण गाड़ियों को चेक करने में देरी हो रही है, जो कि लोडिंग प्र क्रेया को प्रभावित कर रही है। वीटीएस के सर्वर में लगातार समस्याएं आ रही हैं, जिससे गाड़ियों की ट्रैकिंग और इन-ऑउट प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही है। गाड़ियों को इन करने में अधिक समय लग रहा है, जिससे लोडिंग क्रिया में देरी हो रही है। दोनों काटा (लोडिंग और अनलोडिंग) समय पर चालू होने चाहिए ताकि गाड़ियाँ जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर सकें। इनवॉइस बन जाने के बाद भी लोड गाडी समय पे आउट नहीं हो पाती और 4 बजे के बाद ही सीआईएसएफ द्वारा आउट की जाती है। इन समस्याओं की वजह से रोलिंग मिल गेट से परिवहन प्रभावित रहा। शिकायत करने वालों में अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, अनिल चौधरी, मुन्ना सिंह प्रीतम सहित अन्य शामिल रहे।












# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




लाइव इवेंट

## क्रिएटिविटी थिंकिंग से खुद को करें अपग्रेड, इनोवेशन वर्तमान समय की जरुरत : जग्गी



**भिलाई।** रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को मैनेजमेंट विभाग ने क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन विषय पर कार्यशाला कराई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व ईडी पीएंडए सेल एसपीएस जग्गी थे। इस कार्यक्रम में एमबीए के छात्रों ने सहभागिता दी, जिनको मुख्य वक्ता ने मौजूदा दौर में क्रिएटिव थिंकिंग से खुद को अपग्रेड रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इनोवेशन और क्रिएटिविटी किसी भी संगठन के लिए जीवनदायिनी शक्ति की तरह हैं। ये वो चिंगारी हैं जो नई सोच को जन्म देती हैं। समस्याओं के नए समाधान ढूंढती हैं, और हमें लगातार बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती हैं। जग्गी ने उदाहरण देते हुए समझाया कि, कल्पना कीजिए, एक ऐसी दुनिया जहां सब कुछ हमेशा एक जैसा रहता है। कोई नई खोज नहीं, कोई नया विचार नहीं, कोई बदलाव नहीं। यह दुनिया कितनी नीरस और स्थिर होगी। यहां इनोवेशन और क्रिएटिविटी हमें इस स्थिरता से बाहर निकालते हैं। ये हमें नए रास्तों पर चलने, जोखिम लेने और कुछ अलग करने का साहस देते हैं। इनोवेशन पर जोर देते हुए एक्सपर्टग ने बताया कि, इनोवेशन का मतलब है, नए उत्पादों, सेवाओं या प्रक्रियाओं को विकसित करना। यह बाजार में नए अवसरों को खोजने और उनका लाभ उठाने के बारे में हैं। वहीं, रचनात्मकता हमें समस्याओं को नए दृष्टिकोण से देखने और नए समाधान खोजने में मदद करती है। अंत में मुख्य वक्ता ने कहा कि, इनोवेशन और क्रिएटिविटी सिर्फ कुछ लोगों की जिम्मेदारी नहीं है।

कृष्ण प्रिया कथक केंद्र दुर्ग-भिलाई के 30 वर्ष पूरे होने पर नृत्य नाटिका अल्फ़ाज़ का सफल मंचन

# एक लेखिका की रचनात्मक यात्रा और उसके शब्दों को सजीव कर नाटक के माध्यम से दी प्रस्तुति, सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाया

कथक प्रशिक्षण में विगत तीन दशक से सक्रिय कृष्ण प्रिया कथक केंद्र दुर्ग-भिलाई की ओर से नृत्य नाटिका अल्फ़ाज़ का मंचन कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। देश की सांस्कृतिक विरासत को दिखाने न्यूनतम 6 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष की उम्र के कलाकारों ने अपने सधे हुए नृत्य-संगीत के साथ कथानक का ऐसा अद्भुत संयोजन मंच पर प्रस्तुत किया। अल्फ़ाज़ आयोजन की शुरुआत में केंद्र की संचालक उपासना तिवारी ने कलाकारों की मेहनत को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि यह नृत्य नाटिका उनके केंद्र के सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों की साझा मेहनत का परिणाम है। इसके लिए विगत महीने भर से रिहर्सल जारी थी। इस नृत्य नाटिका में दर्शकों को नृत्य और संगीत के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत देखने मिलेगी। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबद्ध उनके केंद्र में कथक और सेमी क्लासिकल की प्रथम वर्ष से स्नातकोत्तर तक की शिक्षा दी जा रही है।

**भिलाई।** आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वह पिछले तीन दशक से देख रहे हैं कि किस तरह कड़ी मेहनत और लगन से बच्चों का भविष्य गढ़ा जा रहा है। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. सुधीर शुक्ला और डॉ. आलोक दीक्षित मौजूद थे। अल्फ़ाज़ नृत्य नाटिका मूलतः एक रचनात्मक यात्रा की मंचीय प्रस्तुति थी, जिसमें एक लेखिका और उसके शब्द स्वयं मंच पर सजीव होकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत कर रहे थे। इस अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुति में कथक की नजाकत से शुरू होकर लखनऊ की तहजीब, दिल्ली की महफ़िलें, बनारस की आध्यात्मिक मिठास और जयपुर घराने के दमदार नृत्य अपने अनूठे रंग भरते हैं। राजस्थान के घूमर की मधुरता, पंजाब के सूफी रंग और भांगड़ा के उल्लास के साथ इस नाटिका ने प्रेम, एकता और भारतीयता का सुंदर संदेश दिया। अंत में दमादम मस्त कलंदर की गूंज के साथ दिलों को जोड़ते हुए, अलफ़ाज़ एक भावपूर्ण समापन तक पहुँचा। यहाँ शब्द थम गए लेकिन दर्शकों के दिलों-दिमाग पर कहानियाँ असर छोड़ गईं।



### हर एक नृत्य प्रस्तुति पर मिली भरपूर दाद

नृत्य नाटिका अल्फ़ाज़ की शुरुआत नृत्यांजलि से हुई, जिसमें छोटे बच्चों की शिव स्तुति ने मन मोह लिया। इसके बाद वर्ष ऋतु पर आधारित मल्हार नृत्य कथक शैली में, कथक दरबारी नृत्य राग दरबारी पर आधारित, छोटा ख़याल निर्मोही पर नृत्य, लखनऊ घराने को दर्शाते हुए ग़ज़ल पर कथक की प्रस्तुति हुई। फिर जयपुर घराने आधारित कथक नृत्य और लोकनृत्य घूमर, पंजाब की यात्रा मे वहाँ के सूफियाना शायरों के ज़िक्र के साथ बाबा बुल्ले शाह का लिखा 'तेरे इश्क़ नचाया करके थैया थैया' पर सूफ़ी नृत्य और पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। अंत मे सिंध का उल्लेख कर भारत में प्रेम और एकता का संदेश के साथ बाबा बुल्ले शाह के प्रसिद्ध सूफ़ी कलाम 'दमा दम मस्त कलंदर' पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति हुई। करीब अढ़ाई घंटे के इस शो में सारी प्रस्तुतियां इतनी सधी हुई थी कि दर्शक भी दम साधे बैठे रहे और हर एक नृत्य शैली पर दाद देते रहे।

### अल्फाज का किरदार कलाकार मुदस्सर नासिर ने निभाया

इस नाटिका में संगीत समन्वय रविंद्र कर्मकार तरुण पहाड़े और साइन चक्रवर्ती, संगीत मिक्सिंग बिन्नी पॉल, अल्फ़ाज़ की आवाज महेंद्र ठाकरे, लेखिका की आवाज उपासना तिवारी, अल्फाज के किरदार में मुदस्सर नासिर, लेखिका के किरदार में शुभम शुक्ला, मंच संचालन प्रभनित कौर सेठी और एलईडी ग्राफिक्स में सेजल चौधरी की भूमिका रही। वहीं इस समूचे आयोजन में डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, सेजल चौधरी, देविका दीक्षित, नीलिमा वासनिक, तनिष्क कर्णेवार, पुष्टि सैनी और सोनिया चौहान का विशेष योगदान रहा।





सिटी इवेंट

## ट्विनसिटी में एम्बुलेंस की सेवा सिर्फ 100 रुपए में, शवों को लाना-लेजाना पूरी तरह फ्री



**भिलाई।** जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी विगत 3 वर्षों से समाज कल्याण में जुटी है। समिति का मुख्य उद्देश्य शहर में एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना है। यह सेवा मात्र 100 में दुर्ग भिलाई की किसी भी अस्पताल में मरीज के लिए उपलब्ध है। डेड बॉडी को निःशुल्क छोड़ने का कार्य कर रही है। पिछले दिनों डॉक्टर अरुण मिश्रा संस्थापक ने छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा से भेंटकर समिति के संबंध में बताया कि उनके द्वारा सोसाइटी के कार्यों की सराहना की। जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लगातार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मात्र 100 रुपए में यह सुविधा दी जा रही है। सोसायटी द्वारा अपनी एंबुलेंस सेवा के तहत 345 शवों को उनेक गंतव्य तक निःशुल्क पहुंचाया गया है। 410 मरीजों को इस एम्बुलेंस द्वारा विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया गया है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को इलाज के लिए समय पर अस्पताल और अस्पताल से छुट्टी के बाद घर पहुंचाने का कार्य इस एंबुलेंस द्वारा किया जाता है। जरुरमंद मरीज 6262888851, 6262888852 मोबाइल नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।



## परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा, खुर्सीपार में आज मनेगा जन्मोत्सव

**भिलाई।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाम 6.30 गजानन महाराज मंदिर हुडको से सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक सेक्टर 5 बालाजी मंदिर होते हुए भगवान परशुराम चौक, मैत्री नगर पहुंची। वहां से वापस हुडको गजानन महाराज मंदिर में भगवान परशुराम की आरती व प्रसाद वितरण के साथ पूर्ण हुई। शोभायात्रा में भिलाई दुर्ग के अन्य विप्र समाज के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। समाज ने विप्र समाज की एकता का संदेश दिया। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई में ब्राह्मण समाज के संगठनों द्वारा 30 अप्रैल को सेवा कार्यों और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से



परशुराम जयंती मनाई जाएगी। खुर्सीपार में परशुराम की प्रतिमा के करीब जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन शाम 6 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, दैनिक हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, शंकराचार्य ग्रुप के डायरेक्टर आईपी मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय, संजय ओझा सहित अन्य मौजूद थे।

## मिलेनियम पार्क का किया सौंदर्यीकरण लोगों ने जताया आयुक्त का आभार

**भिलाई।** नेहरू नगर वेस्ट में स्थित मिलेनियम पार्क को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग लेंगे। इसी तारतम्य में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को अधिकृत किया। पार्क पूरी तरह से व्यवस्थित कर दिया गया है। पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया। अब लोग सुबह-साम यहां टहलते हैं, हर मंगलवार को सुंदरकांड करते है। महिला लोग बैठकर भजन गाते हैं। लोगों ने निगम आयुक्त को बुलाकर आश्वस्त किया कि अब इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग की होगी। कोई भी बाहरी लड़के-लड़की यहां नहीं बैठेंगे। किसी को भी पेड़-पत्ते को तोड़ने नहीं देगे, इसकी सफाई का भी ध्यान रखेंगे। पाण्डेय ने कहा कि शासन की योजना है कि पीपीपी मॉडल में काम किया जाए। नगर निगम भिलाई के संसाधन सीमित हैं। सबके सहयोग से ही हम पार्कों को अच्छा बना सकते हैं। सभी ने निगम का आभार व्यक्त किया।



सिटी इवेंट

## मौर्य कुशवाहा समाज महिला विंग ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**भिलाई।** मौर्य कुशवाहा समाज महिला विंग द्वारा सामाजिक भवन मौर्य कुशवाहा समाज खुर्सीपार सम्राट अशोक चौक में कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को नाम आंखों से श्रद्धांजलि दी। सभी उपस्थित महिलाओं ने 2 मिनट का मौन धारण किया। मृतक आत्मा की शांति की प्रार्थना की। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान महिला विंग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका वर्मा, कोषाध्यक्ष बरखा मौर्य, सह सचिव आरती मौर्य, मंजू मौर्य तथा मेवाती देवी, मुस्कान मौर्य, प्रेमशिला मौर्य, विनीता मौर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आध्यात्मिक प्रवचन का आठवां दिवस, ग्राम उमरपोटी में 5 मई तक किया जा रहा आयोजन

कार्नर न्यूज



## महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं, जीवात्मा परमात्मा को प्राप्त कर बनता है महात्मा, मिलता है ब्रह्म ज्ञानः श्रीश्वरी



**भिलाई।** उमरपोटी में 15 दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन के आठवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका श्रीश्वरी ने महापुरुष और भगवान में अभेद बताया। उन्होंने कहा कि महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं है, क्योंकि जब कोई जीवात्मा परमात्मा को प्राप्त करके महात्मा बन जाता है, तो भगवान अपनी सारी शक्ति अपना सारा ज्ञान उस महात्मा को प्रदान कर देते हैं। अतएव जो शक्तियां जो ज्ञान भगवान के पास वही सारी शक्ति सारा ज्ञान महापुरुषों के पास होता है। अतएव महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं है। भागवत में भगवान कहते हैं आचार्य मां विजानियात नावमन्येत करहीचित अर्थात गुरु को मुझे ही जानों। मैं ही तुम्हारे गुरु के रूप में हूं। मुझमें और गुरु में अर्थात महापुरुष में कोई मतभेद मत मानो। इसलिए जैसी भक्ति भगवान के प्रति हो वैसी ही भक्ति गुरु के प्रति भी होना चाहिए।

### गुरु ही दिव्य और प्रेम की शक्ति करता है प्रदान

प्रचारिका श्रीश्वरी ने गुरु की भक्ति को श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि भगवान तो अपने कानून में बंधे हैं। वो कहते हैं निर्मल मन जन सो मोही पावा। लेकिन हमारा मन तो अभी मलीन है, और जब तक ये मन निर्मल नहीं हो जाता, हम ईश्वर प्राप्ति नहीं कर सकते। अतः शिष्य के अंतःकरण की शुद्धि के पश्चात वो दिव्य प्रेम, दिव्य शक्ति भी गुरु प्रदान करता है। अतएव गुरु का स्थान सबसे ऊंचा माना गया है। मायातीत महापुरुषों के मायापूर्ण कार्यों का रहस्य बताते हुए उन्होंने कहा कि महापुरुष जीव कल्याण के लिए अपनी योगमाया शक्ति से माया के कार्य करते हैं। साध्वी श्रीश्वरी ने कहा कि महापुरुष भीतर से तो परम विरक्त हैं। किंतु बाहर से वो केवल एक्टिंग में माया के कार्य करते हैं। जैसे फिल्मों में कलाकार अनेक प्रकार के किरदार निभाते हुए भीतर से भी अपने आप को नहीं भूलते ऐसे ही महापुरुष भी अपनी पर्सनालिटी में रहते हुए बाहर से माया के कार्यों की केवल एक्टिंग करते हैं।

## सिटी इवेंट

### पक्षियों के दाना-पानी का इंतजाम कर दिया संदेश



**भिलाई।** गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पक्षियों के संरक्षण हेतु दाना-पानी की व्यवस्था के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज की गंभीर समस्या है। यह हमारे जीवन और प्रकृति के लिए बहुत हानिकारक है। मनुष्य के साथ पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित होते हैं। वर्तमान में पर्यावरण असंतुलन के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है। इस स्थिति को देखते हुए कॉलेज में पक्षियों के लिये दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। पक्षी पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है तथा उनके संरक्षण हेतु सभी को आगे आकर उनके देखभाल के लिए अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. एमएल प्रसुन्ना, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. ऋतु दुबे, ज्योति भरणे, वंदना वंजारे, कविता वैष्णव, डॉ. दीक्षा जोशी सहित अन्य मौजूद थे। गर्मी की भयंकरता को देखते हुए पक्षियों के बचाव हेतु मिट्टी के सकोरे में दाना-पानी डालकर पेड़ों की टहनियों में लटकाया। साथ ही सभी ने प्रतिदिन सकोरे में दाना-पानी डालने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के कर्मचारी श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, श्री बल्ला वैष्णव का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

## हेल्थ लाइव

### जंजगिरी में स्वास्थ्य शिविर, 57 लोगों का उपचार, दवा बांटी



**भिलाई।** जंजगिरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रीढ़ की हड्डी की चोट व अन्य हड्डी रोग गर्दन, पीठ व कमर की हड्डी का दर्द, नए पुराने फ्रैक्चर व सूजन, साईटिका, स्लिप डिस्क, फ्रोजन सोल्डर, घुटने का दर्द व सूजन, एड़ी का दर्द, लकवा, आपरेशन के बाद की परेशानी, हाथ-पैर का झुनझुनापन व शून्यता, जोड़ो व हाथ पैर में सूजन, नसों का चिपकना, वात रोग, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, अनिद्रा इत्यादि रोगों का चिकित्सा परीक्षण-परामर्श करते हुए चिकित्सा किया गया। इसमें 57 लोगों ने अपनी समस्या के अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में जंजगिरी सरपंच गीता बाई ठाकुर, उपसरपंच गौकरण साहू, पंच उषा बाई बंजारे, परस राम ठाकुर, नरेन्द्र देशमुख, जमुना बांधे, गौकरण भारती, पुष्पा बाई यादव, कमलेश कुमार ठाकुर, अरुण मारकंडेय, तुलसी बाई ठाकुर, चंद्रकांता देशमुख, दानेश्वरी साहू, कांति देशमुख, किशोर देशमुख, नूतन ढीवर, दुर्गेश ढीवर, प्रदीप देशमुख, कलेश्वरी देशमुख, खेमिन बाई विश्वकर्मा, टीकेश्वर प्रसाद व ग्रामीण शिविर में शामिल रहे। शिविर के संयोजक संजय कुमार देवांगन रहे। चिकित्सा शिविर में अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक व होलिस्टिक स्पाइन केयर विशेषज्ञ एवं आरोग्यवेदा के डायरेक्टर डॉ. प्रेमलाल पटेल और उनकी टीम ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान होलिस्टिक मेडीसीन, फिजियोथेरेपी, एक्यूथेरेपी, योग थेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक व घरेलु दवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

## समाज इवेंट

### शिक्षा के अधिकार कानून का पालन कराने चलेगा अभियान



**भिलाई।** वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून बना और छत्तीसगढ़ में इसका नोटिफिकेशन हुआ, लेकिन इसमें राज्यो को संशोधन का अधिकार है। बच्चो को इनका अधिकार देने के लिए जरूरी परिवर्तन होना चाहिए, पर सरकार की अनदेखी के कारण आज पालक शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। उक्त बातें पालकों ने जन अधिकार परिषद के कार्यालय पहुंचकर अरुण सिसोदिया से कहीं। उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराया और सहयोग की अपील की। सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा विभाग में इसके निराकरण के लिए अभियान चलाया जाएगा। परिषद पहले भी फीस नियामक आयोग के गठन के लिए जन अधिकार परिषद ने वर्ष 2013 से 2019 तक निरंतर हाई कोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से संघर्ष किया है। 2019 में राज्य सरकार ने निजी स्कूल नियामक आयोग का गठन किया। बिलासपुर हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा और मनमानी फीस व अन्य शुल्क बढ़ोतरी पर रोक लगी। अब अधिकतम 8% स्कूल शुल्क बढ़ा सकते हैं। नियामक आयोग के गठन से पहले 15% से22% तक मनमाने तरीके से फीस बढ़ा लेते थे। इस विषय को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

● छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने समाजहित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# अग्रवाल समाज की पहलः प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध, इलाज के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता, अग्रसेन ट्रस्ट के नाम से रायपुर में खुलेगा स्कूल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की कार्यकारिणी बैठक अग्रसेन भवन खुर्सीपार में हुई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, संरक्षक नेतराम अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि बैठक में प्रदेश के छोटे-बड़े सभी शहरों के अग्रवाल समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं आरती कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। भगवान अग्रसेन का शंख ध्वनि के साथ जय घोष किया गया। अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं सचिव रतनलाल अग्रवाल ने सभी पदाधिकारी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। महेंद्र सक्सेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि मीटिंग में 21 सदस्यों की एक अग्र पंचायत समिति का गठन किया गया। यह समिति समाज के पारिवारिक विवाद या अन्य छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने में मदद करेगी। समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर उन्हें सहायता प्रदान कराएगी। संगठन के विस्तार के लिए पूरे प्रदेश में दौरा करेगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि अनेक कल्याणकारी योजनाएं समय-समय पर शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, विनोद तर्रा, संतोष अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, उमाशंकर अग्रवाल, तोता राम अग्रवाल, हेमलता मित्तल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।



### सामाजिक सेवा कार्य के लिए महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष गंगा अग्रवाल ने महिला विंग द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया ने भी युवा इकाई के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही हनुमान जन्मोत्सव पर 60 वार्डों में एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया था। उसके विजयी वार्ड को भी पुरस्कृत किया गया।अनेक सेवाभावी योजनाएं जिन्हें निरंतर चालू रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। शिक्षा ऋण योजना संगठन के अध्यक्ष अशोक मोदी एवं आर एस कृतिका ने बताया कि मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु 2 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के प्रदान किया जाता है।



### आर्थिक रूप से कमजोर को इलाज के लिए की जाएगी मदद

स्वास्थ्य शिविर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजू अग्रवाल ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। नेत्रदान हेतु प्रेरित करने हेतु पांच सदस्यों की समिति भी बनाई गई है। यह योजना भी पूर्ववत चालू रहेगी। इलाज हेतु मदद आर्थिक रूप से कमजोर समाज के सदस्यों हेतु इलाज हेतु यथासंभव मदद भी की जाएगी। कुछ चुनिंदा हॉस्पिटल में बिल पर 25 परसेंट तक डिस्काउंट भी प्रदान किया जाता है। मंगल परिणय योजना वर्तमान में बच्चों की शादी विवाह में आने वाली दिक्कतों को दूर करने हेतु मंगल परिणय योजना चलाई जा रही है। इसकी संयोजिका का शोभा केडिया ने बताया की मंगल परिणय योजना के तहत अभी तक लगभग 800 से अधिक शादियां की जा चुकी हैं।

### गौसेवा और पशु-पक्षियों के सेवाकार्य में भी अग्रणी

गौ सेवा एवं पशु पक्षी सेवा संगठन मंत्री संजय गर्ग एवं पंकज कीर्तुके ने जानकारी दी कि संगठन के पदाधिकारी द्वारा अनेक गौशाला में चारे की सेवाएं दी जा रही है। किसी के साथ ही पशु पक्षी एवं प्रकृति संरक्षण हेतु संगठन द्वारा बर्ड फीडर बनाया गया है। यह मामूली शुल्क पर उपलब्ध है। बर्ड फीडर को उपस्थित सभी सदस्यों को वितरित किया गया। इससे पशु-पक्षी संरक्षित होस्कूल निर्माण अग्रसेन माधवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने बताया की अग्रसेन जी के नाम पर एक भव्य स्कूल का निर्माण रायपुर में किया जाएगा। दो एकड़ की भूमि रायपुर में अरुण सिंघानिया ने प्रदान की है, जिसकी ट्रस्ट द्वारा रजिस्ट्री करा ली गई है।

### प्री वेडिंग शूट पर अग्रवाल समाज ने लगाया प्रतिबंध

प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। शादी विवाह में प्री वेडिंग सूट का प्रचलन काफी बढ़ चुका है। यह समाज के लिए अच्छा नहीं है। इस पर प्रतिबंध लगाते हुए सभी सदस्यों से इस पर अमल करने की अपील की गई। शादी विवाह में अनावश्यक खर्चो को कम करके आडंबर रहित शादी करने की सभी सदस्यों ने सहमति जताई। निर्धन परिवार की बेटियों की शादी हेतु सामूहिक कन्या विवाह की योजना संगठन द्वारा इस वर्ष सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर एवं बसना सरायपाली में 71 जोड़ों का विवाह कराया गया।

## वार्षिकोत्सव...

### सूर्य नमस्कार, नशामुक्ति, कृष्ण-सुदामा चरित्र पर नाट्य की प्रस्तुति




**दुर्ग।** गुरुकुल के दो वर्ष पूर्ण होने पर जलाराम भवन दुर्ग में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गुरुकुल के बच्चों ने सूर्य नमस्कार मंत्र, नशा मुक्ति, महाभारत एवं आज के परिदृश्य, कृष्ण सुदामा मित्रता जैसे बहुत सारे विषयों को लेकर समाज के सामने नाट्य के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि हमें धर्म अनुसार कैसे एक बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण कर जीवन जीना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे। उन्होंने गुरुकुल द्वारा विगत दो वर्षों से शहर के 1450 बच्चों को निशुल्क दी जा रहे शिक्षा, संस्कार की बहुत सराहना की। इस अवसर पर गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, मेघा राठी, पूनम यादव ,ममता टावरी खिलेश्वरी साहू , अनुज अग्रवाल, रेनु, श्वेता अग्रवाल, भूमिजा, राधा रानी, डॉ. मानसी गुलाटी, एडवोकेट ताराचंद शर्मा, अनिल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

### अद्भुत चित्रकार रवि, जिन्होंने पेंटिंग को दिया नया आयाम, उनकी कला आज भी प्रासंगिक

**भिलाई।** चित्रकला की नई तकनीक विकसित हो गई है। अब पेन्सिल, रबड़, रंग या कूची की आवश्यकता नहीं है। कम्प्यूटर द्वारा यह सब काम आज आसानी से हो जाते हैं। एक साथ छह रंगों की छपाई भी अब सम्भव है। पर कुछ समय पूर्व तक ऐसा नहीं होता था। तब एक-एक चित्र को बनाने और उसमें सजीवता लाने के लिए कई दिन और महीने लग जाते थे। चित्र के रंगों में भेद न हो जाये, यह बड़े अनुभव और साधना का काम था। ऐसे युग में भारतीय चित्रकला को पूरे विश्व में प्रसिद्ध करने वाले थे राजा रवि वर्मा। मंगलवार को उनकी जयंती थी। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि राजा रवि वर्मा का जन्म केरल के किलिमनूर में 29 अप्रैल, 1848 को हुआ था। इनके घर में प्रारम्भ से ही चित्रकारी का वातावरण था। इसका प्रभाव बालक रवि पर भी पड़ा। वे भी पेन्सिल और कूची लेकर तरह-तरह के चित्र बनाया करते थे। इनके चाचा राजा राज वर्मा ने इनकी रुचि देखकर इन्हें विधिवत चित्रकला की शिक्षा दी। इसके बाद तो रवि वर्मा ने मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने आगे चलकर चित्रकला की अपनी स्वतन्त्र शैली भी विकसित की। उनकी चित्रकारी सबका मन मोह लेती थी। एक बार प्रसिद्ध अंग्रेज चित्रकार थियोडोर जौन्सन त्रावणकोर आये। वे रवि वर्मा की चित्रकारी देखकर दंग रह गये। रवि वर्मा ने अपने चित्रों में पात्रों के चेहरे पर रंगों के जो प्रयोग किये थे, उससे थियोडोर जौन्सन बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने रवि वर्मा को कैनवास पर तैल चित्र बनाने का प्रशिक्षण दिया और इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। धीरे-धीरे रवि वर्मा इस प्रकार के तैल चित्र बनाने में निपुण हो गए। रवि वर्मा अपने चित्रों में हिन्दू पौराणिक कथाओं से पात्रों का चयन करते थे। 1873 में उन्होंने मद्रास में आयोजित एक प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें उनके द्वारा निर्मित नायर महिला के चित्र को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। फिर उन्होंने अपने चित्रों की प्रदर्शिनी पुणे में लगाई। इससे उनकी प्रसिद्धि देश भर में फैल गयी। उन दिनों कैमरे का चलन नहीं था। अतः उन्हें दूर-दूर से चित्र बनाने के निमन्त्रण मिलने लगे। अपने अन्तिम दिनों में राजा रवि वर्मा अपने जन्मस्थान किलिमनूर ही आ गये और यही कला साधना करते रहे। 2 अक्तूबर, 1906 को त्रिवेन्द्रम के पास अत्तिगल में उनकी कलम और कूची के रंग सदा के लिए मौन हो गये।





अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारी

# अक्षय तृतीया आज, गुड्डा-गुड़िया के विवाह की रस्म शुरू, जिले में होंगी 2 हजार से ज्यादा शादियां, खरीदारी के लिए बाजार गुलजार

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** दुर्ग जिले में अक्षय तृतीया का त्योहार बच्चों के लिए खास है। यहां परंपरागत गुड्डा-गुड़िया विवाह की रस्म शुरू हो गई है। बच्चों ने तीन दिन पहले से इस त्योहार की तैयारियां शुरू कर दी थी। विवाह की पहली रस्म चुलमाटी से शुरू हुई। बच्चे मोहल्लेवासियों के साथ तालाब किनारे मिट्टी लेने पहुंचे। वहां ढोल-बाजे की धुन पर नृत्य करते नजर आए। परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल को गुड्डे की बारात निकलेगी। यह त्योहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसमें बच्चे पूरी विधि-विधान के साथ गुड्डा-गुड़िया का विवाह करते हैं। यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है। इधर अक्षय तृतीया के दिन शादियों का भी विशेष मुहूर्त है। पंडितों की मानें तो इस बार जिले में 2 हजार से ज्यादा शादियां होने जा रही है। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।



### बच्चे जुटे गुड्डा-गुड़ियां की शादी में, ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा माहौल

चुलमाटी के लिए मिट्टी लेने पहुंचे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चे बाजे की धुन पर थिरकते नजर आए। बता दे कि अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म के अनुसार विवाह के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती। बड़ी संख्या में इस दिन विवाह संपन्न होते है। छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ति के नाम से जाना जाता है। जिसमें बच्चे गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाते है। बच्चों ने बताया कि गुड्डी गुड़िया की शादी के लिए आसपास के लोगों को आमंत्रण दिया हैं। तीन दिन चलने वाले इस त्योहार में पहले दिन चुलमाटी जाते है। दूसरे दिन संगीत की तरह मायन का कार्यक्रम करते है। तीसरे दिन गुड्डे की बारात निकाली जाती है। कई जगहों पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना तय किया गया है। इधर खरीदारी के लिए बाजार गुलजार हो गए हैं। सोने-चांदी, कपड़ा, बर्तन से लेकर अन्य सामानों की दुकानों में खासी भीड़ उमड़ रही है।

### बांके बिहारी ट्रस्ट का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज




हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। यह तिथि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को पड़ती है। इसे अत्यंत शुभ व फलदायी माना गया है। इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसे किए गए कार्यों का फल 'अक्षय' यानी कभी न समाप्त होने वाला होता है। अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई, श्री बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर विकलांग और सकलांग सामूहिक सरल विवाह का आयोजन 30 अप्रैल अक्षय तृतीया तिथि के अवसर पर अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में किया जाएगा। मंगलवार को विवाह की हल्दी-मेंहदी सहित अन्य रस्में की गई। सकल समाज द्वारा 100 से ज्यादा शादियों का लक्ष्य रखा गया है।

### हुडको गणेश मंदिर से निकलेगी बारात

अक्षय तृतीय विवाह के दिन सुबह 8.30 बजे बारात आमदी नगर हुडको गणेश मंदिर से निकलेगी। जो सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, रिसाली माता मंदिर, गणेश व बालाजी मंदिर सेक्टर 5 व सेक्टर 6 गुरुद्वारा व क्षेत्र के प्रमुख मंदिर स्थानों से होते हुए कार्यक्रम स्थल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 पहुंचेगी। जहां वरमाला और सभी जाति की रस्मों व वैदिक विधि से परिणय संस्कार पंडितों द्वारा संपन्न कराये जाएंगे। इस दौरान सभी जोड़ो को गृह उपयोगी सामान तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जायेगें। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर अनेक परिवार विशेषकर जिनकी बेटियां नही होती हैं वे बढ़चढ़ कर कन्यादान के कार्यक्रम में तन- मन-धन से सहभागी बनते हैं ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता में छग को मिला कांस्य पदक



रायपुर। 35वीं राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 28 अप्रैल 2025 तक भोपाल में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाडी सौरभ साहू, शिव कुमार, निकोलस, सौरभ साहू को के-4 के 200 मीटर इवेंट में कांस्य पदक मिला।

छत्तीसगढ़ की टीम में 16 खिलाड़ियों के साथ कोच अशोक साहू व मैनेजर संजू साहू शामिल थे। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग केनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष रोहित काले, सचिव अभिजीत मिश्रा, सहसचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी, अमरजीत छाबड़ा व दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह, नवीन बाफना सहित संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में रोहित और पद्मावती विजेता




**रायपुर**। भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पंडरी स्थित मंडल कार्यालय में हुई। प्रतियोगिता के संबंध में भारतीय जीवन बीमा निगम क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सहसचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पुरुष वर्ग में एसओ अभनपुर, रायपुर-3 के रोहित देवांगन नए विजेता बने एवं महिला वर्ग में भिलाई-1 की ईवी पद्मावती ने पुनः विजेता बनकर खिताब बरकरार रखा।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक डीटीसी केके मूर्ति रहे एवं मंच पर सलेक्शन समिति के चेयरमैन प्रबंधक आईटी नीलमणि द्विवेदी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष राजेश पराते, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएसन अध्यक्ष धनंजय पाण्डे, सलेक्शन कमेटी के सदस्य एनजे राव, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति की सचिव संध्या राज एवं मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं फिडे ऑर्बिटर रवि कुमार उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 15 मई से



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 मई से 19 मई तक विद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 आयुवर्ग के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयुवर्ग के खिलाड़ियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा, जिसमें अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे पांचवें एवं छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 8 मई तक निर्धारित है। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई-सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

---

#### अनिद्रा से जूझ रहे लोगों को समय पर करवाना चाहिए उपचार, मिलेगी राहत

# अनिद्रा के शिकार लोगों में होती है 'मेलाटोनिन' की कमी, इसमें सुधार के लिए उठाएं जरूरी कदम

नींद न आना, रात के समय बार-बार नींद टूट जाने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी वयस्कों को हर रात कम से कम 6-8 घंटे के निर्बाध नींद की जरूरत होती है। जिन लोगों को नींद लेने में कठिनाई या अनिद्र की समस्या है उन्हें समय पर डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करना चाहिए। अनिद्रा की समस्या को अध्ययनों में शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है। अध्ययनकर्ता बताते हैं जिन लोगों को अक्सर नींद न आने की समस्या रहती है उनमें मेलाटोनिन नामक हार्मोन की कमी देखी जाती रही है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद के चक्र को ठीक बनाए रखने के साथ अच्छी और गहरी नींद प्राप्त करने में मदद करता है। कहीं आपमें भी तो इसकी कमी नहीं है, इसमें सुधार कैसे किया जा सकता है आइए इस बारे में समझते हैं।



### मेलाटोनिन हार्मोन है जरूरी

मेलाटोनिन ऐसा हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे की प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपकी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने के समय) और अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। रात में सोते समय रोशनी होने के कारण से भी मेलाटोनिन उत्पादन बाधित हो सकता है।

यहां जानना जरूरी है कि मेलाटोनिन सिर्फ नींद के लिए ही जरूरी नहीं है इसकी कमी के कारण चिंता और मनोदशा संबंधी विकार, शरीर का तापमान कम होने और एस्ट्रोजन हार्मोन के बढ़ने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### मेलाटोनिन की कमी के क्या संकेत हैं?

आमतौर पर मेलाटोनिन की कमी के कारण नींद विकारों की समस्या होना आम है पर इसके अलावा भी कई लक्षण हैं जिनपर ध्यान देना आपके लिए जरूरी है। दिन में बहुत नींद आना-रात में नींद लेने में दिक्कत। सर्कैडियन रिदम की समस्या (सोने-जागने के समय में बदलाव), तेजी से उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाना। मेटाबॉलिज्म की समस्या होना।

कैसे करें मेलाटोनिन के स्तर में सुधार

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन को बढ़ावा देने के लिए



कुछ उपाय किए जा सकते हैं। संतुलित-पोषक तत्वों से भरपूर आहार की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ, कॉपर और विटामिन ए-ई वाली चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर मेलाटोनिन हार्मोन के स्तर को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा तनाव का प्रबंधन करना भी बहुत आवश्यक है। डॉक्टर से मिलकर शरीर में मेलाटोनिन की कमी की पता लगाने में मदद मिल सकती है। जिन लोगों में इसकी गंभीर कमी होती है स्वास्थ्य विशेषज्ञ उन्हें मेलाटोनिन सप्लीमेंट्स लेने की भी सलाह दे सकते हैं।

-



## जल्द डिनर करने से मिलेंगे कमाल के फायदे

क्या आपको भी रात का भोजन देर से करने की आदत है? तो यहां बताई गई जानकारी बताई गई जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि यहां हम आपको समय पर डिनर करने के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें जानने के बाद आप अपनी यह आदत जरूर बदलेंगे।

रात का भोजन जल्दी करना चाहिए... यह सलाह हम सब सुनते आ रहे हैं पर हममें से बहुत कम लोग ही इसका पालन करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों को इससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है और ऐसे में वो इससे मिलने वाले सेहत लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए आपको इस बारे में सही और पूरी जानकारी होना जरूरी है। यहां हम आपको डिनर जल्दी करने से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। बता दें कि हमने इस बारे में लखनऊ के जनरल फिजिशियन डॉ. बृजेंद्र सिंह से बात की है और उनसे मिली जानकारी यहां आपके साथ शेयर कर रहे हैं। डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली ने लोगों की दिनचर्या से लेकर खान-पान तक सब कुछ पूरी तरह से बदल दिया है। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में सूरज ढलने के बाद भोजन ग्रहण करने का चलन नहीं था। पर पाश्चात्य सभ्यता की देखा-देखी यहां भी लोग देर रात तक भोजन करने लगें,



जिसका खामियाजा सेहत संबंधी समस्याओं के रूप में देखने को मिला है। ऐसे में अगर आपको इन समस्याओं से निजात पानी है तो आपको रात का भोजन जल्दी करना शुरू करना होगा।

डॉ. बृजेंद्र सिंह आगे बताते हैं कि रात का भोजन शाम 7 बजे तक कर लेना चाहिए। यह पाचन को बेहतर करने के साथ ही अच्छी नींद और दिल-दिमाग को दुरुस्त करने में सहायक साबित होता है। तो चलिए रात का भोजन जल्दी करने से मिलने वाले सेहत लाभ के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पाचन रहता है दुरुस्त

रात में जल्दी भोजन करना पाचन के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। इससे भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और इसके चलते अपच, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उन्हें रात का भोजन जल्दी करने की कोशिश करनी चाहिए।

### दिल को सेहतमंद रखने में मददगार

रात का भोजन से समय लेने पर ब्लड प्रेशर और हृदय गति संयमित रहती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम कम होता है। इसलिए अगर किसी को हृदय संबंधी समस्याएं हैं तो उसे रात का जल्दी भोजन करना चाहिए।

## बनना है 'किचन क्वीन' तो अपनाएं उपाय, काम भी चुटकी में निपटेगा

किचन हैक्स गृहणियों के काम को आसान बनाने और उन्हें किचन से जल्दी फ्री करने के लिए बेस्ट चीज है। आजकल इंटरनेट पर हर गृहणी स्मार्ट कुकिंग और क्लीनिंग हैक्स तलाशते रहती हैं, जिससे उनका काम फटाफट निपट सके। हम भी अपने पाठकों के लिए आए दिन कुकिंग और क्लीनिंग से जुड़े हैक्स शेयर करते रहते हैं, जिससे उनका काम फटाफट निपट सके।



सफाई से लेकर कुकिंग तक किचन में महिलाओं के पास ढेरों काम होते हैं। किचन के कामकाज में व्यस्त महिला रसोई से फ्री होकर घर के दूसरे कामकाज में व्यस्त हो जाती हैं। ऐसे में वो अपने लिए टाइम नहीं निकाल पाती है। उनके इस बीजी शेड्यूल को देखते हुए आज हम आपके साथ कुछ हैक्स शेयर करेंगे। इन हैक्स आपको जरूर जानना चाहिए..

इस तरह से करें स्पून को ऑर्गेनाइज

किचन में रखे सामानों को हम सभी किसी न किसी कंटेनर में जरूर स्टोर करते हैं। कुछ कंटेनर छोटे होते हैं, इसलिए उनके लिए छोटे वाले स्पून का उपयोग करते हैं। जैसा कि आप इमेज में देख सकते हैं कि कैसे मिल्क पाउडर, कंडेंस्ड मिल्क जैसे डिब्बों में मिलने वाले स्पून को स्टोर किया जाता है। आप कंटेनर के एल्युमिनियम फॉयल को चाकू की मदद से आधा काट लें और बचे हुए आधा जगह में छेद बनाकर आप स्पून को स्टोर कर सकते हैं। इससे स्पून गंदा नहीं होगा और सामान निकालने में भी आसानी होगी।

छेद वाली चम्मच से बनाएं बूंदी

पूड़ी तलने के लिए हो या सब्जी छानने के लिए सभी रसोई में छेद वाली चम्मच जरूर होती है। इसका उपयोग घरों में चावल, सब्जी, दाल और हलवा समेत कई सारी चीजें बनाने के लिए किया जाता है। आप इसकी मदद से घर पर ही इंस्टेंट बूंदी बना सकते हैं। बूंदी बनाने के लिए आप एक कटोरी में दो बड़ा चम्मच बेसन लें, आधा चुटकी से कम बेकिंग सोडाऔर पानी डालकर गाढ़ा घोल बनाएं। घोल को अच्छे से फेंटकर गैस में तेल गर्म करने के लिए रखें। तेल गर्म हो जाए तो छेद वाली चम्मच को तेल के ऊपर रखें और बेसन का घोल डालकर बैटर को गोल-गोल चलाएं। दूसरे कलछी की मदद से बूंदी को हिलाएं और सुनहरा होने तक सेक लें। सेकने के बाद प्लेट में बूंदी निकाल लें और बाकी घोल से भी बूंदी बनाकर इस्तेमाल करें।

बिना चीजों को पानी में बहाए इस तरह से छान लें

सब्जी, पास्ता, नूडल्स और मैक्रोनी समेत कई सारी चीजों को हम एक साथ उबालकर पानी छानते हैं।

## अक्षय तृतीया पर नहीं खरीद सकते सोना-चांदी तो घर लाएं ये चीजें

हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया साल का दूसरा माह माना जाता है। यह हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस तिथि के दिन मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस दिन सोना-चांदी खरीदने का विशेष महत्व है। अब ऐसे में महंगाई के कारण अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं, तो इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं। जिसे खरीदने से लाभ हो सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार जानकारी दे रहे हैं।



अक्षय तृतीया के दिन श्रीयंत्र खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन श्रीयंत्र खरीदने के बाद घर के पूजा स्थल पर जरूर रखें। इससे माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहत है ।





**कार्नर न्यूज**

#### अभिभावक अगर समझदारी से काम लें तो बच्चे भी रहेंगे अनुशासित

# बिना कहे खुद पढ़ने बैठ जाएगा आपका बच्चा अनुशासित रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

माता पिता बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अच्छे स्कूल में डालते हैं। अच्छी शिक्षा बच्चे के बेहतर करियर और भविष्य के लिए जरूरी है। अभिभावक बच्चे की कोचिंग और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध कराकर उन्हें हर तरह से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन बच्चा अगर पढ़ाई में मन ही नहीं लगाता है तो माता पिता की चिंता भी बढ़ जाती है। कई बार माता पिता के कहने पर बच्चा पढ़ने तो बैठ जाते हैं लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता। माता पिता डांट फटकार कर बच्चों पर दबाव बनाते हैं। हालांकि डांटने या जबरन पढ़ाने से बच्चे की रुचि पढ़ाई में नहीं बढ़ती। यहां अभिभावकों को कुछ ऐसे तरीके बताए जा रहे हैं जो उन्हें पढ़ाई से मुंह चुराने नहीं देंगे और खुद ब खुद उनका मन पढ़ाई में लगने लगेगा।



### प्रोत्साहित करें

माता पिता को समय समय पर बच्चे की सराहना करनी चाहिए। बच्चा अपने अभिभावक से तारीफ की उम्मीद रखता है। तारीफ सुनकर वह वही काम करना चाहता है, जिससे माता पिता और तारीफ करें। हालांकि जानें अनजाने अभिभावक बच्चे की तुलना करके उनका मनोबल कम करते हैं। ऐसा करने से बचें और उनकी गलतियां निकालने और दूसरो से तुलना करने के बजाए बच्चे की तारीफ करें।

### दबाव न डालें

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें लेकिन उन पर दबाव न डालें। पढ़ाई का दबाव बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस कारण उनको पढ़ाई बोझ की तरह लगती है। उनपर जरूरत से अधिक दबाव न बनाएं, हंसते-खेलते बच्चों को पढ़ाई की कठिन बातें समझाने की कोशिश करें।

### सही माहौल दें

बच्चे पढ़ाई में आनाकानी करते हैं, उसका एक कारण घर में पढ़ाई का सही माहौल नहीं होना है। इसी वजह से बार बार टोंकने पर भी बच्चा नहीं पढ़ता। बच्चे को बिना बोले पढ़ाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने घर का माहौल शांत रखें। पढ़ने वाली जगह को सेट करके रखें और पढ़ाई की डेस्क जरूर बनाएं, जहां वह खुद ब खुद बैठकर पढ़ सकें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एवेंजर्स स्टार जेरेमी ने याद किया हादसे का खौफनाक मंजर, कहा-कभी नहीं भूल सकता

हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और 'द एवेंजर्स' स्टार जेरेमी रेनर की जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर अब एक किताब की शक्ल में दुनिया के सामने आएगा। उनकी आत्मकथा 'माय नेक्स्ट ब्रीथ' जनवरी 2023 में उनके साथ हुए जानलेवा हादसे की कहानी बयां करती है। यह किताब 29 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। इस किताब में जेरेमी ने अपने उस भयावह हादसे को शब्दों में उतारा है, जिसमें उन्होंने मौत को करीब से देखा।




जनवरी 2023 में जेरेमी रेनर उस वक्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जब उनका 14,000 पाउंड वजनी स्नोकैट वाहन अनियंत्रित होकर उनके 27 साल के भतीजे एलेक्स की तरफ बढ़ने लगा। भतीजे को बचाने की कोशिश में जेरेमी इस भारी-भरकम वाहन की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी 35 से ज्यादा हड्डियां टूट गईं, सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। इतना ही नहीं, हादसे के बाद जेरेमी का एक ऐसा पल भी आया जब वह अपनी बाईं आंख को दाहिनी आंख से देख सकते थे, क्योंकि उनका सिर जमीन पर जोर से टकरा गया था।

हाल ही में जेरेमी ने एक इंटरव्यू में इस हादसे के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने पीपल से बात करते हुए कहा, ₹यह हादसा अब मेरी जिंदगी का हिस्सा है। इसके बारे में बात करने से मैं पीछे नहीं हटता। इस किताब को लिखना मेरे लिए बहुत भावनात्मक अनुभव रहा। हर शब्द के साथ मुझे उस दर्दनाक पल को फिर से जीना पड़ा, लेकिन इसने मुझे अपने चोट को

### टॉलीवुड

## 'राणा नायडू 2' के दूसरे सीजन की तैयारी, फैंस में बढ़ा उत्साह

अभिनेता राणा दग्गुबाती का चर्चित शो 'राणा नायडू' अब एक बार फिर चर्चाओं में है। क्योंकि इस शो का दूसरा सीजन लाने की तैयारी है। फैंस पिछले काफी वक्त से 'राणा नायडू 2' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस शो को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। जिससे शो के चाहने वाले फैंस काफी उत्साहित हो सकते हैं।



नेटफ्लिक्स के शो 'राणा नायडू' का अगला सीजन यानी 'राणा नायडू 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और इसके बारे में जानकारी चाहते हैं। अब शो को लेकर जो ताजा अपडेट सामने आ रही है, उसके मुताबिक, नेटफ्लिक्स मई 2025 के पहले हफ्ते में इस शो के स्ट्रीमिंग की तारीख की घोषणा कर सकता है। यानी जल्द ही फैंस को शो को लेकर एक बड़ी जानकारी मिलने वाली है। उम्मीद ये भी है कि शो मई लास्ट या जून तक नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो सकता है। शो में राणा दग्गुबाती और वेंकटेश प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

करण अंशुमान द्वारा निर्देशित इस शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी से निपटाया जा रहा है। अभिनेता राणा दग्गुबाती इस समय मुंबई में अपने कैरेक्टर के लिए डबिंग कर रहे हैं।'राणा नायडू' का पहला सीजन अपनी रिलीज के बाद काफी विवादों में भी रहा था। क्योंकि शो में काफी ज्यादा गालियां थीं। ऐसे में शो की भाषा को लेकर काफी विवाद हुआ था। वहीं इस वेब सीरीज को इसके अश्लील कंटेंट के लिए भी काफी ट्रोल किया गया था। आलोचना के जवाब में निर्माताओं ने कथित तौर पर दूसरे सीजन के लिए स्पष्ट भाषा को कम कर दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि इस सीजन में भाषा पर ध्यान दिया गया होगा और अधिक अश्लीलता भी देखने को नहीं मिलेगी।

### भोजपुरी

## काजल की नई फिल्म 'मुनिया' खोलेगी अंधभक्ति की पोल, ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'मुनिया' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म देश के ग्रामीण इलाकों में तांत्रिकों की अंधभक्ति और उनके काले कारनामों की पोल खोलती है। अनिल नैनन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के करीब चार मिनट के ट्रेलर में काजल राघवानी अपनी दमदार एक्टिंग से दिल जीत रही हैं। उनके साथ फिल्म में रितेश उपाध्याय भी हैं। 'मुनिया' के ट्रेलर की शुरुआत एक गांव से होती है, जहां तांत्रिक भगवान का जयकारा लगता है। गांव के लोग इस ढोंगी तांत्रिक को भगवान मानते हैं। किसी की तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर से दिखाने की बजाय तांत्रिक भगवान के पास ले जाया जाता है। इसी गांव में काजल राघावानी दुल्हन बनकर आती हैं। इस बीच तांत्रिक ने भी अपने छल और भय को बनाए रखने के लिए ऐलान कर रखा है कि गांव में कोई डायन आने वाली है, जो सबका सर्वनाश कर देगी।



मंजुल ठाकुर की लिखी इस भोजपुरी फिल्म की कहानी में हम देखते हैं कि काजल राघवानी अपने ससुराल में बहुत खुश हैं। उसे पति का प्यार और सास का दुलार दोनों मिल रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब काजल का किरदार यानी मुनिया इस तांत्रिक की भक्ति के खलिाफ आवाज उठाती है। इसी दौरान एक छोटे बच्चे की मौत हो जाती है। मुनिया कहती है कि बच्चे को अगर डॉक्टर के पास ले जाते तो शायद उसकी जान बच जाती है।

### लाइफ स्टाइल



जर्मनी का फैशन रुझान


> जर्मनी के वर्तमान फैशन रुझानों में नाजुक कपड़े और सहायक उपकरण वाली ₹कोक्वेट₹ शैली लोकप्रिय है, जिसे अक्सर अधिक आरामदायक स्ट्रीटवियर आइटम के साथ जोड़ा जाता है। ₹गोर्पकोर₹, जो आरामदायक, कार्यात्मक बाहरी वस्त्र और लंबी पैदल यात्रा के जूते पर जोर देता है, भी एक मजबूत प्रवृत्ति है। डिर्नडल्स और लेडरहोसेन जैसे पारंपरिक जर्मन कपड़े अभी भी कुछ क्षेत्रों और समारोहों में एक स्थान रखते हैं, लेकिन वे रोजमर्रा के फैशन का हिस्सा नहीं हैं।

## रोजाना आंखों में काजल लगाना पड़ सकता है भारी, जानें क्यों?

मेकअप करना तो हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आई मेकअप का रोल अहम होता है। आई मेकअप में ज्यादातर हम हैवी मेकअप की जगह केवल काजल लगाना ही पसंद करते हैं। काजल के नए-नए डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं क्या आप जानती हैं कि काजल को आंखों में रोजाना लगाना भी आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। तो आइये जानते हैं काजल को आंखों में रोजाना लगाने से क्या होता है। साथ ही, जानेंगे आंखों में लगे काजल को हटाने का सही तरीका-

आंखों में काजल लगाना गलत नहीं होता है, लेकिन अगर इसे सही तरीके से लगाया या हटाया नहीं गया तो आपकी आंखों में यह नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसमें मौजूद केमिकल आंखों को ड्राई कर सकते हैं और रोजाना इसे आंखों में लगाने से ड्राईनेस बढ़ सकती है। आंखों में ड्राईनेस के बढ़ने से आई इन्फेक्शन हो सकता है और इसके अलावा भी आंखों को कई तरह के नुकसान झेलने पड़ सकते हैं।

आंखों में लगे काजल को हटाने के लिए आप केमिकल वाले मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करना अवॉयड ही करें। इसके लिए आप इअरबड्स की मदद ले सकती हैं और हल्के हाथों के दबाव से धीरे-धीरे काजल को वॉटरलाइन से हटा सकती हैं। आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप बिना केमिकल वाले ही प्रोडक्ट को चुनें। इसके लिए आप किसी अच्छे ब्रांडेड काजल का आंखों में इस्तेमाल करें।



इसके अलावा आप ऐसा प्रोडक्ट चुनें जिसमें ऑयल की मात्रा अधिक हो ताकि यह आपकी आंखों को ड्राई न कर पाए।

## सिंपल की जगह पहनें फिरन स्टाइल सलवार-सूट की ये फैंसी डिजाइंस



सूट तो हम रोजाना से लेकर किसी भी फंक्शन में पहनना पसंद करते हैं। किसी भी लुक में हम हमेशा स्टाइलिश ही दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम आए दिन सूट में कुछ न कुछ नई वेरायटी देखते हैं। आजकल की बात करें तो कश्मीरी या पाकिस्तानी स्टाइल फिरन सलवार-कमीज को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है।



फिरन को स्टाइल करने के तरीके हर बॉडी टाइप के अनुसार अलग होते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं फिरन स्टाइल सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### लॉन्ग कुर्ती स्टाइल फिरन सूट

लूज स्टाइल में लॉन्ग स्टाइल कुर्ती आजकल काफी चलन में है। इस तरह के लुक के साथ में आप चूड़ीदार पजामी को पहन सकती हैं। चाहे तो आप इस तरह के लुक में दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। वहीं नेकलाइन के लिए आप इस तरह के लुक में वी-नेकलाइन को बनवा सकती हैं। गोटा-पत्ती लेस की कई लेयर्स की मदद लेकर आप नेकलाइन को फैंसी लुक दें।

### फैंसी डिजाइन फिरन सूट

किसी पार्टी में जा रही हैं तो फैंसी लुक के लिए आप 3डी लुक में सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप घुटने तक की फिरन स्टाइल कमीज के साथ में एंकल लेंथ कम चूड़ी सलवार को स्टाइल करें। साथ ही, गले में दुपट्टे को पहनकर लुक को आकर्षक बना सकती हैं। इस तरह का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड लगभग 2,000 रुपये में मिल जाएगा।

### शॉर्ट स्टाइल फिरन सूट

आजकल फिर से लूज डिजाइन की शॉर्ट कुर्ती को काफी पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की शॉर्ट स्टाइल कुर्ती के साथ में आप धोती स्टाइल वाली सलवार को पहन सकती हैं। इस तरह के लुक खासकर पंजाबी स्टाइल में कैरी किए जाते हैं। आप चाहे तो इसमें फिरन स्टाइल में चाक (स्लिट) में चौड़ी डिजाइन की लेस भी लगवा सकती हैं।

## को ऑर्ड सेट में दिखेगा ग्लैमरस लुक इन ज्वेलरी डिजाइन को करें स्टाइल

को ऑर्ड आउटफिट आजकल हर कोई पहनना पसंद करता है। किसी को प्रिंटेड ड्रेस पसंद होती है तो कोई प्लेन आउटफिट को स्टाइल करता है। लेकिन यह लुक अच्छा तभी लगता है जब आप इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को कैरी करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अट्रैक्टिव नजर आता है। अगर आप भी लुक में कुछ नया एड करना चाहती हैं तो यहां दिखाए गए ज्वेलरी डिजाइन को वियर कर सकती हैं।

### लेयर चेन सेट

चेन सेट आप को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। इसे आप किसी पेंडेट के साथ भी खरीद सकती हैं या आप चाहें तो सिंपल डिजाइन में भी ले सकती हैं। इसमें आपको हर एक कलर गोल्डन, मल्टीकलर, सिल्वर या ब्रॉन्ज चेन मिल जाएगी। जिसे आप किसी भी कलर के को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की चेन आपको 100 से 150 रुपये में मिल जाएगी।



### स्टोन वर्क इयररिंग्स

अगक आप किसी पार्टी में को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ ज्यादा ज्वेलरी वियर करने के जरूरत नहीं है एक स्टोन वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं।

## गुलाब और दही की मदद से गर्मियों में बनाए जा सकते हैं ये कूलिंग फेस पैक

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। ऐसे में हम सभी कई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, गर्मी में स्किन की देखभाल करने का एक सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप नेचुरल व कूलिंग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करें। ऐसे में गुलाब और दही की मदद से फेस पैक बनाना यकीनन अच्छा आइडिया है। गुलाब और दही दोनों में ही कूलिंग गुण पाए जाते हैं, जो धूप के कारण होने वाली रेडनेस और जलन को शांत कर सकते हैं। इससे सनबर्न से भी राहत मिल सकती है।

साथ ही साथ, ये पोर्स को टाइटन करता है और अतिरिक्त तेल उत्पादन को कम करता है। गुलाब और दही का कॉम्बिनेशन ऐसा है जो आपकी किसी भी स्किन टाइप के लिए काफी अच्छा रहता है। इतना ही नहीं, आप अपनी स्किन टाइप को ध्यान में रखते हुए गुलाब और दही के साथ अन्य इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करके कई अलग-अलग फेस पैक बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको गुलाब और दही की मदद से बनने वाले कुछ फेस पैक के बारे में बता



रहे हैं-

### गुलाब की पंखुड़ियों और दही फेस पैक

यह एक ऐसा फेस पैक है, जो हर स्किन टाइप को कूलिंग इफेक्ट देता है। साथ ही, इससे आपकी स्किन ग्लोइंग भी बनती है। सबसे पहले मुट्ठी भर ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें और उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को 2 बड़े चम्मच दही के साथ मिक्स कर लें।

### कार्नर न्यूज

### आज लड़कियों के मुकाबले लड़कों को भी ध्यान देना चाहिए अपने लुक पर

## पार्टी में जाने नौजवानों को ऐसे होना चाहिए तैयार, पलट कर देखेगा हर कोई

जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में जाने से पहले आपको भी कुछ टिप्स अपनाने चाहिए, ताकि वहां हर कोई आपको ही पलट-पलट कर देखे। अपने बदले हुए लुक से आप लोगों का दिल भी जीत सकते हैं।



### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### स्किन को करें एक्सफोलिएट

पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

### पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल

जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।



### दांतों को रखें साफ

पार्टी में जाने से तुरंत पहले एक बार दांतों को अच्छी तरह से साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू भी कम होगी और अगर दांतों में कहीं खाना फंसा होगा तो वो भी निकल जाएगा।

### हल्का मेकअप करें

मेकअप सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं बना है, ऐसे में आप भी पार्टी में जाने से पहले हल्का मेकअप कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा मेकअप अप्लाई न करें, इससे आपका लुक खराब हो सकता है।

### लिप बाम

अच्छी तरह से तैयार होने के बाद अगर आपके होंठ रूखे-सूखे रहेंगे तो आपका लुक खराब दिखेगा। ऐसे में लिप बाम हमेशा जेब में रखें, और इसका इस्तेमाल करते रहें।